www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 57 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
18 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:18
सूर्यास्त: 06:48
अधिकतम: 42:00
न्यूनतम: 39:00



पेज 07

विशेष समाचार | अमेरिका और चीन में बढ़ती... >>पेज 04 | हरदोई में सिरफिरे की... >>पेज 06 | काँस 2026 के रेड कार्पेट ...

### गोरखपुर में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं के मोबाइल जमा कराए गए

# बीजेपी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल : सीएम योगी

## दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही भाजपा

CM योगी बोले- भाजपा सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय के सपनों को भी साकार किया है। अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक योजना का लाभ पहुंच रहा है। शौचालय, आवास, स्वास्थ्य की सुविधा इसका उदाहरण है।

**कार्यक्रम**

■ भाजपा देश ही नहीं दुनिया का एकमात्र ऐसा दल है, जिसने हमेशा इस बात की घोषणा मजबूती के साथ की है कि राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति का हित अंतिम - योगी



जिला प्रशिक्षण वर्ग 2 दिन 17 मई और 18 मई को चलेगा। मोबाइल प्रतिबंधित होने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं के मोबाइल विधानसभावार बनाए गए काउंटर पर जमा कराए गए। इससे पहले सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्या सुनी।

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ, गोरखपुर। गोरखपुर में BJP के जिला प्रशिक्षण वर्ग का CM योगी ने शुभारंभ किया। सहजनवा विधानसभा क्षेत्र के एक रिजार्ट में रविवार का आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा- भाजपा दुनिया की सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। बीजेपी ने स्थापना काल से लेकर अब तक 50 वर्ष से भी कम समय में देश में केंद्र के साथ 22 राज्यों में अपने दम पर सरकार बनाई है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## सीएम योगी ने कहा- महिलाओं को स्वाभिमान से जीने का अधिकार भाजपा ने दिया

सीएम योगी ने कहा- जब भाजपा ने 1986 में और उसके बाद यह तय किया था कि देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना के लिए अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण को समर्थन देते हैं। आज डबल इंजन की सरकार में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। भारत ने दुनिया में आशा का दीप जलाया है। महिलाओं को स्वाभिमान से जीने का अधिकार भाजपा ने दिया है। तीन तलाक की कुप्रथा पर रोक लगाकर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए संसद व विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण का प्रविधान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है।

## कार्यकर्ता संगठन के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें

CM योगी ने कहा- भाजपा के हर कार्यकर्ता को अपनी इस छवि को, जो लीक से हटकर है। यदि भाजपा का कार्यकर्ता भी कांग्रेस, सपा, बसपा, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके की तर्ज पर आचरण करने लग जाएगा तो समाज कभी सम्मान नहीं देगा। इसलिए उससे अलग हटकर भारत और भारतीयता को सम्मान देते हुए कार्य करना होगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



## यह आयोजन हजारों शिक्षा योद्धाओं के समर्पण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह आयोजन हजारों शिक्षा योद्धाओं के समर्पण, तपस्या और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा की अलख को निरंतर प्रज्ज्वलित रखते हुए बच्चों को खेल, कला, अनुशासन, संस्कार और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जोड़ रहे हैं, जो मजबूत राष्ट्र की नींव तैयार करते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वितरित किए प्रतीकात्मक चेक



कार्यक्रम में 'होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड' का विमोचन भी किया गया, जिसे बाल वाटिका से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इसमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा।

## अनुदेशकों को मिला सीधा लाभ, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड' का हुआ विमोचन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में रविवार को लोकभवन सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि लागू करते हुए इसे 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह किया गया। इस अवसर पर चयनित 14 अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय तथा बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 746 कस्तूरबा विद्यालय संचालित, हर ब्लॉक तक विस्तार की योजना, 1,129 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, आधुनिक तकनीक से पढ़ाई -संदीप सिंह

## तमिलनाडु सीएम विजय से मिले कमल हासन

चेन्नई। अभिनेता और नेता कमल हासन ने शनिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय से मुलाकात की। उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी छह मांगें विजय के सामने रखीं। हासन ने राज्य सरकार से तमिल फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री के लिए सरकारी OTT प्लेटफॉर्म शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे दर्शकों को कम कीमत पर कंटेंट देखने का मौका मिलेगा।

हासन ने सोशल मीडिया पर सीएम विजय के साथ मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि आज उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री भाई विजय से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हासन ने पोस्ट में लिखा कि मुख्यमंत्री विजय ने तमिलनाडु के विकास से जुड़े कई सपने बड़े उत्साह के साथ साझा किए। बैठक के दौरान दिखाई गई विनम्रता और स्नेह से उन्हें गर्व महसूस हुआ।

# पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर

## स्वीडिश प्रधानमंत्री रिसीव करने पहुंचे

**दौरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

एम्सटर्डम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 साल बाद स्वीडन पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। PM मोदी का विमान जैसे ही स्वीडन की सीमा में पहुंचा, स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे सुरक्षा देते हुए एस्कॉर्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। होटल पहुंचने पर मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे

### ईरान पर हमले का शक, होर्मुज पार कर एक और एलपीजी टैंकर भारत पहुंचा

# यूएई के न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

**हमला**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। UAE के अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा।

अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है।

हाल के दिनों में ईरान लगातार UAE को धमकी देता रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



## गाजा के कम्युनिटी किचन पर इजराइली सेना का हमला

गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजराइली सेना ने एक कम्युनिटी किचन को निशाना बनाया। यह रसोई तुर्की सरकार से जुड़ी संस्था चला रही थी और विस्थापित परिवारों को खाना उपलब्ध करा रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में संस्था के तीन कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दीर अल-बलाह में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रह रहे हैं, जो खान यूनिस, राफा और शहर के पूर्वी इलाकों से विस्थापित हुए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

## महाराष्ट्र का अमरावती-वर्धा देश में सबसे गर्म

नई दिल्ली। पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन इलाकों में पारा लगातार 40°C से ऊपर चल रहा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं।

**योजना खुलासा**

## भारत में घुसपैठ के बाद आतंकी ने हेयर ट्रांसप्लांट कराया

श्रीनगर । भारत में आतंकी हमलों को अंजाम देने के मकसद से घुसे लश्कर-ए-तैयबा के एक पाकिस्तानी आतंकी ने अपना सपना पूरा करने के लिए मिशन को बीच में रोक दिया। आतंकी ने श्रीनगर में हेयर ट्रांसप्लांट कराया और फर्जी आधार-पैन बनवाकर भारत से भागने की योजना बना रहा था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने रविवार को बताया कि आतंकी का नाम मोहम्मद उस्मान जट्ट उर्फ 'चाइनीज' है। पिछले महीने श्रीनगर पुलिस ने जट्ट और अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा को गिरफ्तार किया था।

## त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लगी

कोटा। कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के 2 कोच में आग लग गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5.15 बजे कोटा मंडल के लूणी रीछा-विक्रमगढ़ आलोट (मध्य प्रदेश) स्टेशन के बीच हुआ। आग ट्रेन के कोच नंबर B-1 और उसके पीछे लगे सेकेंड लगेज कम गार्ड वैन में लगी थी।

# 'पीएम ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया'

## राहुल बोले बार-बार नीट पेपर कराने में फेल

**कटाक्ष**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने रविवार को NEET पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने X पोस्ट में लिखा, 'NEET 2024 का भी पेपर लीक हुआ था, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई। CBI ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं।'

राहुल ने आगे लिखा- NEET 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। CBI फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? बार-बार इस 'परीक्षा पे चर्चा' पर आप चुप क्यों हैं?

इधर, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 9वीं आरोपी को CBI ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ 9वीं आरोपी मंधारे सीबीआई कस्टडी में भेजी गई

### कोर्ट के बाहर चैंबर पर बुलडोजर चलता देख भड़के, पुलिस ने खदेड़ा

# वकीलों पर लाठीचार्ज, पथराव

**हंगामा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो बहस होने लगी।

बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए। दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



## पुलिस पर पंडित को लाठी मारने का आरोप

अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला ने आरोप लगाया कि गेट नंबर 8 के आगे चल रहे अखंड रामायण के पाठ में मौजूद पंडित को पुलिस अफसरों ने लाठी मारी। रामायण फेंक दी। यहीं से विरोध शुरू हुआ।

## करीब 90 चैंबर तोड़े गए

स्वास्थ्य भवन की तरफ के 72 चैंबर टूटे हैं। निबंधन भवन की तरफ के 17-18 चैंबर टूटे हैं। अभी यह नगर निगम की तरफ से बताया जा रहा है। हालांकि वकीलों का कहना है कि 200 से अधिक चैंबर टूटे हैं। फिलहाल निबंधन भवन की तरफ जो चैंबर नाले पर बने हैं। अभी उस पर अभियान चलाया जाएगा, लेकिन आज अब कार्रवाई होना मुश्किल है।

## 1 वकील अस्पताल में भर्ती

इस कार्रवाई के दौरान चोटिल हुए 4 लोग बलरामपुर अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें एक सिपाही और 3 अधिवक्ता हैं। अधिवक्ता अनिल कुमार को भर्ती किया गया। बाकी सभी इलाज कराकर वापस चले गए हैं।



■ एक वकील ने पुलिस वालों से हाथ जोड़कर कहा कि मेरा चैंबर अवैध नहीं है। इसे मत तोड़िए।

कार्रवाई बंद हो गई है। पुलिस बल और नगर निगम की टीम हट गई है।बुलडोजर भी चले गए हैं। कार्रवाई के डर से पूरे इलाके की रेहड़ी पटरी दुकानदारों ने दुकान बंद कर दी है। सामान्य रूप से कुछ पुलिसकर्मी तैनात हैं।

**वारदात : सुबह खुली खामोशी ■ दुकान के बाहर मिला लहूलुहान शव**

# सुल्तानगढ़ में खाट पर खून से सनी रात

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ बाजार में रविवार सुबह एक ऐसी वारदात सामने आई जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। दुकान के बाहर खाट पर सो रहे सिलाई कारीगर जयराम गौड़ का खून से सना शव मिलने से बाजार में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखा तो शोर मच गया। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को घेर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में बड़ा सुराग सामने आया है। पंचायत भवन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध व्यक्ति रात के समय बाजार क्षेत्र में घूमता हुआ दिखाई दिया है।उसकी गतिविधियां संदिग्ध बताई जा रही हैं। पुलिस अब उसकी पहचान और मूवमेंट ट्रैक करने में जुटी है। >> (शेष पेज 06 पर)





"घटना का सबसे पहला खुलासा मृतक के भतीजे शिवा ने किया। रात करीब 2 बजे जब वह बाहर निकला तो उसने अपने चाचा को खून से लथपथ हालत में देखा। शोर मचाने पर पूरा परिवार और आसपास के लोग जुट गए।कुछ ही मिनटों में यह शांत बाजार एक अपराध स्थल में बदल गया।

## पुलिस अधीक्षक ने संभाला मोर्चा जांच तेज

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम को सख्त निर्देश दिए कि मामले का जल्द और निष्पक्ष खुलासा किया जाए। पुलिस ने आसपास की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है और कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## 40 साल की सिलाई की दुकान वहीं खत्म हो गई जिंदगी

मृतक जयराम गौड़ पिछले लगभग 40 वर्षों से सुल्तानगढ़ बाजार में सिलाई का काम कर रहे थे। वे शांत स्वभाव और मेहनती कारीगर के रूप में जाने जाते थे।रात की तरह वह रोज दुकान के बाहर ही खाट पर सोते थे, लेकिन इस बार सुबह की रोशनी उनके लिए नहीं आई। प्रारंभिक जांच में मृतक के कान के पास गंभीर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि धारदार या भारी हथियार से हमला कर हत्या की गई है। वारदात के तरीके से यह मामला अचानक हुई घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हमला भी माना जा रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# केरलम में सीएम समेत 21 मंत्री बनेंगे, सभी नाम हुए फाइनल

## इनमें कांग्रेस के 12, आईयूएमएल के 5 विधायक

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

तिरुवनंतपुरम । केरलम में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) की नई सरकार में CM समेत 21 मंत्री बनेंगे। शपथ ग्रहण से पहले रविवार को 20 मंत्रियों के नाम फाइनल हुए।

इनमें CM के अलावा 11 और मंत्री कांग्रेस से हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML) के 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी गई है। केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (जैकब), रेवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (RSP) और CMP (कम्युनिस्ट मार्क्सिस्ट पार्टी) से 1-1 मंत्री बनेंगे। IUML के मुताबिक पार्टी विधायक परक्कल अब्दुल्ला को 2.5 साल बाद कैबिनेट में शामिल किया जाएगा। हालांकि पार्टी ने यह नहीं बताया कि अब्दुल्ला को शामिल करने के लिए क्या किसी मंत्री को हटाया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ वीडी सतीशन ने कहा है कि कांग्रेस ने 63 सीट जीतीं, लेकिन 11 ही मंत्री बनाए जा रहे हैं।

# जू में हाथी को बार-बार नहलाया जा रहा, यूपी के 23 जिलों में हीटवेव अलर्ट

# प्रयागराज पुलिस ने घोड़ों के लिए कूलर लगवाए




## चेतावनी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में आंधी-बारिश थमने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। पारा 45C के करीब पहुंच गया है। रविवार सुबह से ज्यादातर शहरों में आसमान साफ है। तेज धूप निकली है। हवा की रफ्तार कम होने की वजह उमस का एहसास हो रहा है।

कानपुर में सड़कों पर वाटर स्प्रिंकलर के जरिए पानी छिड़का जा रहा है। प्रयागराज की पुलिसलाइन अस्तबल में घोड़ों के लिए कूलर-पंखे लगाए गए हैं। गोरखपुर चिड़ियाघर में हाथी बार-बार नहा रहा है।



मौसम विभाग ने आज 23 शहरों में हीटवेव (लू) का अलर्ट जारी किया है। दिन में धूप की तपिश गर्मी बढ़ाएगी। अगले 5 दिनों तक तापमान में इजाफा देखने को मिलेगा। 20 मई से गर्मी और सख्त तेवर दिखाएगी। प्रदेश के आधे से ज्यादा शहरों में लू चलेगी।

बीते 24 घंटों की बात करें तो प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई। बांदा लगातार 5वें दिन सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 44.8C रिकॉर्ड किया गया। बिजनौर सबसे ठंडा शहर रहा। जहां न्यूनतम तापमान 20.2C रिकॉर्ड किया गया। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-मानसून केरल में 26 मई के आसपास पहुंच सकता है। इससे अनुमान लगाया जा रहा कि 18 जून को मानसून गोरखपुर के रास्ते यूपी में प्रवेश करेगा। हालांकि, यह एक संभावित तिथि है। जब मानसून केरल से आगे बढ़ेगा, तभी सटीक तारीख का आकलन किया जा सकेगा। फिलहाल, गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

### 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में रामलला के दर्शन को उमड़ी भीड़

अयोध्या में सुबह से भीषण गर्मी पड़ रही है। दोपहर में तापमान करीब 40C के करीब पहुंच गया। हालांकि इस दौरान भक्तों की आस्था कम नहीं हुई। रामलला के दर्शन को काफी संख्या में श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

### कानपुर में लू का अलर्ट सड़कों पर पानी की बौछारें डाली जा रहीं

कानपुर शहर में तेज धूप निकली है। आसमान साफ है। सूरज के सख्त तेवर सुबह से ही झुलसाने लगे हैं। गर्मी से बचाव के लिए नगर निगम की ओर से वॉटर स्प्रिंकलर से सड़कों पर छिड़काव कराया जा रहा है। तापमान 40 डिग्री जाने की संभावना है। दिन में लू का अलर्ट है।

> प्रयागराज में भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस लाइन के अस्तबल में घोड़ों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गर्मी से बचाव के लिए कूलर और पंखा लगाया गया है। सुबह-शाम ठंडे पानी से नहलाया जा रहा है।

# युवाओं में तेजी से बढ़ रहा हाई ब्लड प्रेशरचला

## अयोध्या में 1206 लोगों की जांच में पता

**तमसा संकेत, एजेंसी**



अयोध्या। जिले में युवाओं के बीच हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाए गए विशेष स्क्रीनिंग अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं में हाइपरटेंशन के लक्षण मिलने से विभाग की चिंता बढ़ गई है। डॉक्टरों का कहना है कि तनाव, खराब खानपान, अनियमित दिनचर्या और शारीरिक गतिविधियों की कमी युवाओं को कम उम्र में ही इस बीमारी की ओर धकेल रही है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु के करीब 11.37 लाख लोग हैं। इनमें हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह की पहचान के लिए 1 अप्रैल से 16 मई तक विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 79,449 लोगों की जांच की गई।

जांच में 4,439 लोगों में हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण पाए गए। इनमें से 2,304 लोगों की विस्तृत जांच कराई गई, जिसमें 1,206 मरीजों में हाइपरटेंशन की पुष्टि हुई। पुष्टि के बाद 1,177 मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक रामप्रकाश पटेल ने बताया कि एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की टीमें गांव-गांव जाकर लोगों की जांच कर रही हैं।

## फास्ट न्यूज

### रायबरेली-फतेहपुर को जोड़ने वाला पीपा पुल शुरू

रायबरेली । रायबरेली में मनोज पाण्डेय ने दिनशाह गौरा ब्लॉक के सुल्तानपुर बढ़ अय्या गांव में गंगा नदी पर बने पीपा पुल का उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। यह पुल रायबरेली और फतेहपुर जिलों के बीच आवागमन को आसान बनाएगा। कार्यक्रम स्थल को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडों, बैनरों और फूलों से सजाया था।

### बाराबंकी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

रामसनेही घाट। बाराबंकी के रामसनेहीघाट में रविवार शाम लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के मुरारपुर मोड़ के पास हुई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पीआरबी 112 और रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को धमकी देने वाला युवक हाउस अरेस्ट

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के रायबरेली के सलोन तहसील क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले एक युवक को हाउस अरेस्ट किया गया है। आशीष तिवारी सनातनी नामक इस युवक ने सोशल मीडिया पर स्वामी प्रसाद मौर्य को जूते से स्वागत करने की धमकी दी थी। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है।

# ब्रज 84 कोस परिक्रमा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। चंद्र प्रकाश सिंह एवं श्लोक कुमार के निर्देशों के क्रम में ब्रज 84 कोस परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुविधाओं हेतु व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन द्वारा परिक्रमा मार्ग के विभिन्न स्थलों पर पेयजल, शेड, लाइटिंग, शौचालय, जन-सुविधा केंद्र तथा भोजन एवं भंडारे की समुचित व्यवस्था कराई गई है।

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। सभी क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी निरंतर स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने में जुटे हैं। वहीं नगर निगम, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर परिक्रमा मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को नियमित दूरी पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है। पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संचालन का जायजा ले रहे हैं। पुलिस-प्रशासन ने कहा है कि ब्रज 84 कोस परिक्रमा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

### अयोध्या में सनातन संस्कारों पर मंथन

अयोध्या । अयोध्या के गुप्तार घाट स्थित गुप्त हरि मंदिर में सनातन धर्म रक्षा महासंघ के तत्वावधान में संगोष्ठी एवं बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धर्मदास ने किया, जबकि अध्यक्षता भार्गव मुनीश महाराज ने की। बैठक में सनातन संस्कृति के संरक्षण, 16 संस्कारों के प्रचार-प्रसार और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्प पर जोर दिया गया। महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता भार्गव मुनीश महाराज ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रेश नारायण का उद्देश्य सनातन परंपरा के 16 संस्कारों को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और संस्कारों का पुनर्जागरण ही भारत को फिर से विश्वगुरु बना सकता है। उन्होंने बताया कि देवीपाटन मंडल में इस अभियान पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंडल प्रभारी घनश्याम पांडेय के नेतृत्व में गोंडा नगर अध्यक्ष रंजीत पांडे और उनकी टीम ने एक माह में 151 परिवारों में विभिन्न संस्कार संपन्न कराए।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग

# प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज, बाराबंकी। सूरतगंज क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की। प्रधानों ने कहा कि वर्तमान पंचायतों का कार्यकाल आगामी 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में यदि समय पर चुनाव नहीं कराए जाते और प्रधानों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाता, तो ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

प्रधानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्तमान समय में गांवों में अनेक विकास योजनाएं संचालित हैं, जिनमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सफाई अभियान, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं से जुड़े कार्य, पंचायत भवनों का निर्माण तथा अन्य जनहितकारी योजनाएं शामिल हैं। यदि पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है और नई पंचायतों का गठन समय से नहीं हो पाता, तो इन योजनाओं के संचालन एवं निगरानी में गंभीर बाधा उत्पन्न होगी।

> ज्ञापन के माध्यम से प्रधानों ने राज्यमंत्री से मांग की कि सरकार इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचित ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने के संबंध में आवश्यक एवं सकारात्मक निर्णय ले, ताकि गांवों में विकास कार्यों की गति बनी रहे और जनता को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।



### ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई

प्रधानों का कहना था कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और इनके माध्यम से ही सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंचती हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने से ग्रामीण जनता को आवश्यक सेवाओं और विकास कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है और पंचायतों में प्रशासनिक शून्यता लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर सकती है।

## सचिव देव मूर्ति के आवास पहुंचकर नवप्रोन्नत शिक्षकों ने किया सम्मान, शैक्षणिक विकास के लिए बताया ऐतिहासिक कदम

# बरेली कॉलेज में प्रोफेसर पदोन्नति पर शिक्षकों ने जताया आभार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बरेली। बरेली कालेज के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत हुए शिक्षकों ने रविवार को प्रबंध समिति के माननीय सचिव Dev Murti के आवास पहुंचकर उनका सम्मान किया और आभार व्यक्त किया।

शिक्षकों ने 15 मई 2026 को आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी एवं प्रमोशन कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय को महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रोन्नति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ. अनामिका अग्रवाल, डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. निष्ठा सेठ और डॉ. गौरव भूषण, एमएड विभाग से डॉ. सारा बसु, डॉ. अजीता सिंह तिवारी और डॉ. अमिता गुप्ता, गृह विज्ञान विभाग से डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी, बीबीए विभाग से डॉ. डी.पी. सिंह, बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ. तृप्ता वर्मा और डॉ. शालिनी नगाइच, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. हेमा खन्ना और डॉ. सुविधा शर्मा तथा बीसीए विभाग से डॉ. रोमा सक्सेना मौजूद रहीं। वहीं एमएड विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रतिभा शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर को बरेली कॉलेज की शैक्षणिक उन्नति और संस्थागत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सभी नवप्रोन्नत प्रोफेसरों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



> इस दौरान नवप्रोन्नत प्रोफेसरों ने सचिव देव मूर्ति को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। शिक्षकों ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षकों के प्रति सकारात्मक सोच और शैक्षणिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।



### शिक्षक शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी शक्ति

सचिव देव मूर्ति ने सभी प्रोफेसरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनकी उपलब्धियां महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक भविष्य में भी शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देते रहेंगे।

# सरयू में डूबे तीनों किशोरों का शव बरामद

## अयोध्या में घटनास्थल से 500 मीटर दूर मिला

**तमसा संकेत, एजेंसी**




अयोध्या। अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र में सरयू नदी में शनिवार को डूबे तीनों किशोर का शव भी बरामद कर लिया गया है। SDRF और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने रविवार को तीनों शवों को बरामद किया है। सभी का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर मिला। तीनों लड़के इकलौते है। इससे पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं रौनाही पुलिस तीनों शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार दोपहर रौनाही क्षेत्र के तहसीनपुर गांव में सरयू नदी में स्नान के दौरान तीन किशोर डूब गए थे। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घाट पर पहुंच गए। देर शाम तक SDRF और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक, तहसीनपुर गांव के पांच किशोर सरयू नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान तीन किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना में 14 वर्षीय सत्यम पांडे, 15 वर्षीय मानस पांडे और 17 वर्षीय अमित पांडे नदी में लापता हो गए थे।

वहीं उनके साथ मौजूद 16 वर्षीय ध्रुव पांडे और 14 वर्षीय अंश पांडे किसी तरह नदी से बाहर निकल आए। इससे उनकी जान बच गई।

घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## कार्यक्रम : मा० उपमुख्यमंत्री ने अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार रुपया होने पर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# शिक्षित भारत से ही विकसित भारत का संकल्प होगा पूरा : केशव प्रसाद

- मा० उपमुख्यमंत्री के द्वारा मंच पर 23 अंशकालिक अनुदेशकों को 17 हजार रूपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर किया गया सम्मानित
- मा० मुख्यमंत्री के लखनऊ में अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को जिला पंचायत सभागार में अंशकालिक अनुदेशकों को सम्मानित किए जाने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। मा0 उपमुख्यमंत्री के द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने मा0 जनप्रतिनिधिगणों के साथ कार्यक्रम स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक स्कूलों के बच्चों द्वारा बनायी गयी चित्र प्रदर्शनी द्वारा का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गयी। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के लखनऊ में आयोजित अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में सजीव प्रसारण भी किया गया।



> राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण - उपमुख्यमंत्री

### शिक्षा के बिना राष्ट्र की उन्नति सम्भव नहीं है

मा0 उपमुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के बिना राष्ट्र की उन्नति सम्भव नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, विकसित भारत का लक्ष्य तब पूरा होगा, जब शिक्षित भारत का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित भारत बनाने में आप लोगो की महत्वपूर्ण भागीदारी है। आपकी अपेक्षाओं को सरकार के द्वारा पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में खुशहाली आयें, यह हमारी सरकार का संकल्प है। माननीय उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि 2017 के पूर्व लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ाना चाहते थे, परंतु मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, स्कूलों में अब बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास सहित हर तरह की अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है, जिससे अब अभिभावक अपने बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे है।

# च्यूइंगम खाने से बिगड़ी 9वीं में पढ़ने वाली सोनाक्षी की हालत

## अस्पताल लेकर भागे सारे टीचर्स

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक निजी स्कूल की छात्रा की हालत च्यूइंगम खाने से बिगड़ गई। गले में चिपकने के बाद सांस लेने में तकलीफ के बाद वह बेहोश हो गई। आनन-फानन शिक्षकों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां गले से नीचे च्यूइंगम जाने के बाद उसकी स्थित में सुधार हुआ। डाक्टरों ने बच्ची की हालत में सुधार होने पर उसे डिस्चार्ज कर दिया है।

शहर के रामसेवक स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा सोनाक्षी च्यूइंगम खा रही थी। इसी दौरान च्यूइंगम उसके गले में चिपक गया, जिससे उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। घबराहट बढ़ने पर छात्रा स्कूल परिसर में ही बेहोश हो गई। घटना से शुक्रवार को स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल की शिक्षिकाएं और अन्य छात्राएं तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं। साथ आई छात्राओं और टीचर्स ने डॉक्टरों को बताया कि च्यूइंगम गले में फंसने की वजह से छात्रा की हालत बिगड़ी थी। डॉक्टरों के इलाज के दौरान गले में फंसा च्यूइंगम नीचे खिसक गया, जिसके बाद छात्रा को राहत मिली। प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर डॉक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर जेपी मौर्य ने बताया कि छात्रा को सांस लेने में परेशानी और घबराहट की हालत में लाया गया था। जांच के दौरान पता चला कि च्यूइंगम गले में चिपकने से दिक्कत हुई थी। उपचार के बाद छात्रा की स्थिति सामान्य हो गई और उसे घर भेज दिया गया। च्यूइंगम, कोल्ड ड्रिंक्स के ढक्कन, सिक्के जैसे अन्य छोटी और ठोस चीजों से बच्चों को दूर रखना चाहिए। कभी-कभी चीजें जानलेवा भी साबित हो जाते हैं।



# सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कोतवाली जलालपुर में हुआ आयोजन

**चर्चा**

- जीएसटी विभाग के समन्वय से हुई बैठक
- बुलियन बिक्री पर अपील
- व्यापारिक संगठनों की मौजूदगी




बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली जलालपुर में सर्राफा व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने की। बैठक का आयोजन जीएसटी विभाग के समन्वय से किया गया। इसमें जिले के सर्राफा व्यापारियों, संगठन पदाधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में उपायुक्त राज्य कर खंड-1 सुनील कुमार सिंह, उपायुक्त राज्य कर खंड-2 पशुपति प्रताप सिंह और सहायक आयुक्त राज्य कर रवींद्र कुमार मौजूद रहे।

बैठक में 24 कैरेट खरा सोना (बुलियन) और सोने की ईंटों (बार) की बिक्री सीधे ग्राहकों को न करने की अपील की गई। इस पर व्यापारिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया।

### व्यापारियों ने दिया सहयोग का आश्वासन

बैठक में उपस्थित सर्राफा व्यापारियों और संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि देशहित सर्वोपरि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने में पूरा सहयोग किया जाएगा।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर

बैठक में बताया गया कि उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति देना, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है। अधिकारियों ने व्यापारियों से चर्चा के दौरान सुझाव दिया कि पुराने सोने को रिसाइकिल और री-डिजाइन करने को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए सोने की शुद्धता के आधार पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने पर भी विचार साझा किया गया।

> बैठक में सर्राफा संगठन से जुड़े प्रदीप सोनी, शत्रुघ्न सोनी, राजकुमार सोनी, सुरेश कुमार सोनी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारिक प्रतिनिधियों ने विभागीय सुझावों पर सकारात्मक रुख दिखाया।बैठक में प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय, नियमों के पालन और व्यापारिक गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी चर्चा की गई।

# तालाब पर अतिक्रमण का मामला आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं

## दो दशक से कब्जा, ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सैदापुर ग्राम सभा में सार्वजनिक तालाब की जमीन पर कथित अतिक्रमण का मामला एक बार फिर चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 20 वर्षों से तालाब की भूमि पर कब्जा कायम है, जबकि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं और न्यायालय व प्रशासनिक स्तर से आदेश भी जारी हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों के अनुसार तालाब पर कब्जे के कारण बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या बढ़ जाती है। जल संरक्षण और निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि तालाब का अस्तित्व धीरे-धीरे खतरे में पड़ता जा रहा है। पूरे मामले में संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार राजस्व विभाग स्तर पर पुराने अभिलेखों की जांच और फाइलों का परीक्षण जारी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। क्षेत्र में चर्चा है कि जहां अन्य जिलों में सरकारी जमीनों पर तेजी से कार्रवाई होती है, वहीं सैदापुर में मामला लंबे समय से अटका हुआ है। अब सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।



### आदेशों के बाद भी स्थिति जस की तस

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अभिलेखों में तालाब दर्ज है और मामले में आदेश भी पारित हो चुके हैं, फिर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लंबित है। इससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### रामकुमार पाल के निधन पर प्रियंका गांधी ने जताया शोक

अंबेडकरनगर। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल के निधन पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि रामकुमार पाल संगठन के समर्पित कार्यकर्ता थे और उनका जाना पार्टी के लिए बड़ी क्षति है।प्रियंका गांधी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### टांडा पुलिस ने 13 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद किया

अम्बेडकरनगर। थाना कोतवाली टांडा क्षेत्र में दर्ज सीआर संख्या 118/26, धारा 137(2) बीएनएस से जुड़े मामले में पुलिस ने एक लापता बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।जानकारी के अनुसार, ग्राम पुन्थर निवासी रामध्रुव का 13 वर्षीय पुत्र शनि कुमार 10 मई 2026 से अपने घर से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बताया गया कि बालक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी।मामले की सूचना मिलने पर टांडा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तलाश अभियान शुरू किया।

### खेती से पर्यटन तक: चिउटीपारा में कृषि पर्यटन पर मंथन

अंबेडकरनगर । विश्व कृषि पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्राम पंचायत चिउटीपारा में ग्रामीण पर्यटन योजना के तहत विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों, ग्रामीण प्रतिनिधियों और प्रशासनिक सहयोगियों की मौजूदगी रही।

कार्यशाला में बताया गया कि कृषि को पर्यटन से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है।

# बरवा नासिरपुर में बिजली संकट गहराया, रात 9 बजे से ठप सप्लाई

## एक महीने से लगातार दिक्कत, तीन ट्रांसफार्मर जलने का दावा

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। अकबरपुर विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत मोहल्ला बरवा नासिरपुर में बिजली संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार क्षेत्र में पिछले एक महीने से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

लोगों का आरोप है कि अब तक तीन ट्रांसफार्मर जल चुके हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है और पूरे मोहल्ले को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। हाल ही में लगाए गए ट्रांसफार्मर में एमसीबी सिस्टम लगाए जाने की बात भी सामने आई है, जो बार-बार ट्रिप होकर सप्लाई को बंद कर देता है।

शनिवार रात लगभग 9 बजे से मोहल्ले की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई घंटे बीत जाने के बाद भी सप्लाई बहाल नहीं की गई, जिससे पानी, पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

मोहल्ले के लोगों ने संबंधित जूनियर इंजीनियर सतीश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत करने पर फोन नहीं उठाया जाता और कई बार जवाब भी संतोषजनक नहीं मिलता। लोगों के अनुसार जेई का कहना होता है कि "मैं क्या करूं।"

बिजली संकट से परेशान उपभोक्ताओं में अमित सिंह, स्वामीनाथ, इन्द्रेश वर्मा, सौदागर, अंसार अली, फिरोज, बरकत दादा, पवन गुप्ता और मोहित समेत कई लोग शामिल हैं। क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों से स्थायी समाधान की मांग की है।

# सपा कार्यालय रामनगर में कार्यकर्ता बैठक, बूथ स्तर की समीक्षा पर जोर

## त्रिभुवन दत्त ने कहा-संगठन की ताकत से मिलती है चुनावी सफलता

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी कार्यालय रामनगर में शनिवार को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर की समीक्षा और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व सांसद और आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। संगठन मजबूत होने पर ही चुनावी सफलता हासिल की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें।

विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मतदाता सूची का पुनरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।



जिन लोगों का नाम सूची से छूट गया है, उसे शामिल कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं, उनकी जांच कर सही स्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि बूथ स्तर की तैयारी से ही चुनाव में बेहतर परिणाम मिलते हैं। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि संगठन की ताकत के बल पर चुनाव जीतकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे निषाद, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार यादव, जिला सचिव रामचन्द्र वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी बांकेलाल गौतम, अजय गौतम एडवोकेट, संजय शर्मा, प्रेम सागर प्रजापति, प्रदेश सचिव शमशाद फारूकी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष राजबहादुर यादव, सैयद इंतखाब आलम, विनोद निषाद, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार, मोहनलाल चौरसिया, रोशनलाल गौतम, तारादेवी, गुरुदेव गौतम, गंगा प्रसाद यादव, जयराम मिश्र, मनोज जायसवाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'जनगणना में सही जानकारी देना विकास की बुनियाद'

## हर नागरिक से सहयोग की अपील

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर में कार्यरत शिक्षक एवं जनगणना प्रगणक डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु' ने जनगणना कार्य को लेकर नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है।

डॉ. मिश्र ने कहा कि सही और सटीक जानकारी मिलने से सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार और सामाजिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य की नीतियों का आधार बनते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि जब प्रगणक घर-घर पहुंचें तो परिवार से जुड़ी सभी जानकारी सही और स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराएं। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी से विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। डॉ. मिश्र ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जनगणना कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य देशहित से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक जागरूक नागरिक के रूप में सभी को इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करना चाहिए, ताकि योजनाएं सही लाभार्थियों तक पहुंच सकें और विकास प्रक्रिया मजबूत हो सके।

## नवयुग योजना के तहत करीब 8 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित

# अकबरपुर नगर पालिका को स्मार्ट सिटी स्वरूप देने की तैयारी तेज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका अकबरपुर को स्मार्ट सिटी स्वरूप देने की दिशा में नवयुग पालिका योजना के तहत विकास कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। योजना को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही इसके क्रियान्वयन की शुरुआत होने की संभावना है।

नगर पालिका के अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय के अनुसार योजना में आधुनिक शहरी सुविधाओं को शामिल किया गया है।इनमें डिजिटल गवर्नेंस, ऑडिटोरियम निर्माण, डिजिटल लाइब्रेरी, केबल बंचिंग व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों का विकास शामिल है।इसके साथ ही सीसी कैमरों से निगरानी व्यवस्था,



पिंक टॉयलेट, ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन और स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना भी प्रस्तावित है।

नगर पालिका क्षेत्र का विस्तार करीब 62 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसे 25 वार्डों में विभाजित किया गया है। यहां लगभग 27 हजार गृहस्वामी दर्ज हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार आबादी 1 लाख 11 हजार 500 थी, जो अब अनुमानित रूप से 1 लाख 60 हजार से अधिक हो चुकी है। बढ़ती आबादी के साथ बुनियादी सुविधाओं पर दबाव भी बढ़ा है।विस्तारित क्षेत्रों में सड़क, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नवयुग योजना के तहत कार्यों के चयन और प्रस्ताव तैयार करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की जाएगी।इस समिति में नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### सड़क, नाला और पार्कों का होगा कायाकल्प

योजना के तहत सड़कों का सुदृढ़ीकरण, नाला निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था सुधारने पर विशेष फोकस रहेगा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा।नगर के पार्कों के कायाकल्प और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की योजना भी शामिल है। सार्वजनिक स्थलों को अधिक व्यवस्थित और उपयोगी बनाने पर काम होगा।

> नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र में लगभग 8 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाने प्रस्तावित हैं। इसके तहत लंबे समय से लंबित बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।नगर क्षेत्र के उन इलाकों को चिन्हित किया जा रहा है जहां सड़क, जलनिकासी और प्रकाश व्यवस्था की समस्याएं बनी हुई हैं।

# शैक्षिक संगोष्ठी और सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अकबरपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज निर्माण में अहम है। सेवानिवृत्त शिक्षकों का अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक साबित होता है।

कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यदुनाथ यादव और मंत्री इंद्रजीत यादव के नेतृत्व में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बदलते शैक्षिक परिवेश पर विचार रखे। कई शिक्षकों ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने पर सुझाव दिए।



जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षक कभी पूरी तरह से सेवानिवृत्त नहीं होता। उसका अनुभव समाज को निरंतर दिशा देता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से शैक्षिक और सामाजिक गतिविधियों में जुड़े रहने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डीसी माध्यमिक जितेंद्र पांडे ने भी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में कुल 21 प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में सुमित्रा देवी, सुभाष चन्द्र दुबे, अनिल सिंह, गजेंद्र पाल, प्रमिला वर्मा, मीना देवी, राम भुवन यादव, शिरीन सिद्दीकी, बदामा देवी, उमा चौधरी, उषा देवी, राजपति यादव, राघवेंद्र यादव, राजमणि और ज्ञानेंद्र यादव समेत अन्य शामिल रहे।

# भीटी में विवादित जमीन पर पैमाइश को लेकर विवाद

## दीवानी कोर्ट में मामला लंबित होने का दावा

- लेखपाल पर जबरन कार्रवाई का आरोप, ग्रामीणों में नाराजगी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अम्बेडकरनगर। भीटी तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भीटी के मजरे बनखोदवा में विवादित भूमि को लेकर नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि मामला दीवानी न्यायालय में लंबित होने के बावजूद लेखपाल द्वारा पैमाइश कर कब्जा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बनखोदवा निवासी मालती निषाद ने आरोप लगाया है कि उनकी भूमि से जुड़ा विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद संबंधित लेखपाल द्वारा दबाव बनाकर मौके पर पैमाइश कराई जा रही है और कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।



पीड़िता का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया के विपरीत है और इससे मामले की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से न्यायालय के निर्णय तक यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब मामला कोर्ट में लंबित है तो प्रशासन को हस्तक्षेप से बचना चाहिए और अंतिम निर्णय तक किसी भी तरह की कब्जा कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

**निर्माण :** किछौछा में 1.20 करोड़ के नाला निर्माण की शुरुआत, आधुनिक नाले का शिलान्यास

# जलभराव से राहत की उम्मीद

तमसा संकेत, संवाददाता

बसखारी (अंबेडकरनगर)। अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने शुक्रवार को 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक नाले का शिलान्यास किया। बसखारी मुख्य बाजार में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच नाला निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करेगी और बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं में बड़ी राहत देगी।

नगर पंचायत की ओर से इससे पहले वासुदेव नगर वार्ड में वासुदेव साव की स्मृति में कल्प सरोवर की आधारशिला भी रखी गई थी। उस कार्यक्रम में एमएलसी हरिओम पांडे भी मौजूद रहे थे। नाला निर्माण की शुरुआत के दौरान सभासदों और स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया। माला पहनाकर और मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई गई।

कार्यक्रम में सभासद सूर्यलाल उपाध्याय, लालमन रावत, मायाराम, प्रदीप कुमार, सभासद प्रतिनिधि रामआधार यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे।



> "स्थानीय लोगों के अनुसार बसखारी बाजार में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। बरसात के मौसम में दुकानों और घरों में पानी घुस जाता था, जिससे व्यापार और जनजीवन प्रभावित होता था। लोगों की लगातार मांग के बाद यह निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

### जलभराव और बीमारी की समस्या पर लगेगा अंकुश

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि नाले के निर्माण से सड़कों और घरों में पानी भरने की समस्या खत्म होने की उम्मीद है। साथ ही जल निकासी बेहतर होने से मच्छरों का प्रकोप और जलजनित बीमारियों का खतरा भी कम होगा। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना प्राथमिकता है और विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# ईंट भट्ठा मजदूरों के बच्चों तक पहुंची शिक्षा की किट

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव स्थित हीरा मार्का ईंट भट्ठे पर रविवार को 'परम फाउंडेशन' की ओर से बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा कुछ समय पहले लिए गए उस संकल्प का हिस्सा है, जिसमें भट्ठा मजदूरों के बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने की घोषणा की गई थी।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि बच्चों को किताबें, कॉपियां और जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी शुरुआती जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया गया है।उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव संभव है



और ऐसे बच्चों को नियमित सहयोग देने की योजना पर काम चल रहा है। धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि संस्था विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। इसमें जरूरतमंद बच्चों के लिए 'परम पाठशाला' का संचालन, तमसा नदी सफाई अभियान, वृद्धजनों की सहायता और गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए जलकुंड की व्यवस्था शामिल है।उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा भी इसी श्रृंखला का हिस्सा है, ताकि कोई बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, भट्ठा मजदूर और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## मंदिर ही है भोजशाला



मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद मामले में इंदौर हाई कोर्ट के इस निर्णय पर आश्चर्य नहीं कि भोजशाला परिसर एक हिंदू मंदिर ही था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें निर्देशित किया गया था कि भोजशाला परिसर में शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाएगी और मंगलवार को पूजा होगी।

हाई कोर्ट ने मुस्लिम समाज से सरकार से मस्जिद के लिए अलग से जमीन की मांग करने को कहा है। यह फैसला अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्मरण कराने वाला है। इंदौर हाई कोर्ट के फैसले पर इसलिए किसी को चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि परमार राजवंश के राजा भोज के वंशजों ने भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती के मंदिर का निर्माण कराया था। एक समय यह संस्कृत शिक्षण का बड़ा केंद्र था।

इस धार्मिक स्थल के मंदिर होने के साक्ष्य कथित कमाल मौला मस्जिद की दीवारों पर उससे भी स्पष्ट रूप से अंकित थे, जैसे अयोध्या में मिले थे। इस विवादित स्थल को लेकर इंदौर हाई कोर्ट इसलिए अपना फैसला दे सका, क्योंकि यह स्थल 1958 के अधिनियम के तहत एक एएसआइ संरक्षित स्मारक है। यदि ऐसा नहीं होता तो 1991 में पारित धार्मिक स्थल अधिनियम के चलते इस स्थान की यथास्थिति कायम रहती। दुर्भाग्य से इस भेदभावपूर्ण अधिनियम के चलते धार जैसे अन्य मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और इसके चलते समय-समय पर विवाद उभरते रहते हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव पर बुरा असर डालते हैं। यह अच्छा है कि धार मामले में हाई कोर्ट की ओर से फैसला आने के कारण किसी तरह का सांप्रदायिक विग्रह देखने को नहीं मिला, लेकिन इतना तो है ही कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि इस तरह के न जाने कितने मामले हैं। उनके निस्तारण में जो धार्मिक स्थल अधिनियम बाधक है, उसे भी चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित यह होगा कि वह इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं का निपटारा शीघ्र करे। इसी के साथ यह भी उचित होगा कि विवादित धार्मिक स्थलों को संबंधित पक्ष अर्थात हिंदू और मुस्लिम आपसी सहमति से सुलझाएं। इससे उनमें सद्भाव बढ़ेगा।

## निराश्रित गोवंश का संरक्षण और पशुपालन में कई आयामों पर आगे बढ़ रहा है लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के अंतर्गत जनपद लखनऊ में निराश्रित और बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए एक अत्यंत सुव्यवस्थित ढांचा विकसित किया गया है। वर्तमान में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों की संख्या में आश्रय स्थल संचालित हैं, जो न केवल गोवंश को सुरक्षित आवास प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनके आहार, पेयजल और स्वास्थ्य की भी निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इन प्रयासों के केंद्र में प्रदेश सरकार की वह संकल्पना है, जिसमें पशुधन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना गया है। जनपद में संचालित कान्हा उपवन जैसे विशाल केंद्रों ने निराश्रित, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को नया जीवन प्रदान किया है। 53 बीघा जैसी विस्तृत भूमि पर स्थापित ये केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।

जहाँ गोवंश की देखरेख के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज लखनऊ में गोवंश सहभागिता योजना के माध्यम से आम नागरिकों और किसानों को सीधे इस पवित्र अभियान से जोड़ा गया है।

इस योजना के अंतर्गत पशुपालकों को न केवल गोवंश सौंपे जाते हैं, बल्कि उनके भरण-पोषण के लिए मासिक आर्थिक अनुदान भी सुनिश्चित किया जाता है, जिससे सामाजिक सहभागिता और आर्थिक सहयोग का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत हुआ है।

पशु चिकित्सा के क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी बदलावों ने जनपद के पशुधन की सुरक्षा को नया विस्तार दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और डिवर्मिंग जैसे अभियानों ने लंपी वायरस जैसे संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाने में सफलता प्राप्त की है।

जिला प्रशासन के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक आश्रय स्थल पर पशुओं के लिए उचित उपचार कक्ष और गंभीर रूप से बीमार पशुओं के लिए पृथक वार्ड उपलब्ध हों। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए संचालित मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स ने चिकित्सा सेवाओं को पशुपालकों के द्वार तक पहुँचा दिया है, जिससे समय पर इलाज मिलने से पशुहानि में भारी कमी आई है। पिछले नौ वर्षों के आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो लखनऊ जनपद में लगभग 31,343 गोवंशों का संरक्षण 101 गो आश्रय स्थलों में किया गया है, जो पशु कल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# अमेरिका और चीन में बढ़ती घनिष्ठता के रणनीतिक साइड इफेक्ट्स

> अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक शक्तियाँ हैं। इनके संबंधों का असर लगभग हर देश पर पड़ता है। ऐसे में यदि दोनों के बीच व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और कूटनीति पर समझ बढ़ती है, तो वैश्विक तनाव कुछ हद तक कम हो सकता है। साथ ही दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर लाजिमी है।





अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हाल में ही बढ़ती संवाद-प्रक्रिया और संभावित रणनीतिक समझौते को दुनिया बेहद गंभीरता से देख रही है, क्योंकि बदलती वैश्विक दुनियादारी और नवमहत्वाकांक्षी देशों-गुटों की मतलबी कूटनीति-अर्थनीति से अमेरिका-चीन दोनों की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत खतरे में है। आखिर जब एक तरफ रूस और भारत अपनी दशकों पुरानी मित्रता पर अडिग हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप भी अपने पुराने सम्बन्धों को तरोताजा कर रहे हैं, जो कि अमेरिकी डीप स्टेट की बिल्कुल नई विसात है।

देखा जा रहा है कि भारत की चतुराई और रूस की दृढ़ता से अमेरिका अपने ही बुने हुए जाल में फंसकर तड़फड़ा रहा है। वहीं, रूस-चीन की समझदारी से पश्चिमी एशिया में जो अमेरिका की फजीहत हुई है, उसके बाद अब चीन के समक्ष हथियार डालने के अलावा उसके पास कोई चारा भी नहीं बचा है। चूंकि ट्रंफ मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के फार्मूले पर काम कर रहा हैं और रूस, भारत, फ्रांस, ब्राजील, जापान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिए हैं, ऐसे में पाकिस्तान को साधकर अरब में अपनी इज्जत बचाना और चीन के दरबार में हाजिरी लगाने के अलावा उनके पास कोई चारा भी नहीं बचा हुआ था। ऐसे में यदि अमेरिका और चीन के बीच टकराव कुछ कम होता है और "नई दोस्ती" या व्यावहारिक सहयोग बढ़ता है, तो इसके वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। चूंकि दोनों देश पहले भी एक दूसरे के करीब रहे हैं, इसलिए उनके बीच कूटनीतिक प्रेम की पहल अमेरिकी की भूल सुधार रणनीति समझी जानी चाहिए और अपने उद्देश्य में ट्रंफ सफल प्रतीत हो चुके हैं। हालांकि यह भविष्य के गर्त में है कि चीनी चाकरी अमेरिका कहाँ तक कर पाएगा?

पहला, वैश्विक बाजारों में स्थिरताः अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध कम होने पर शेयर बाजारों और निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है। सप्लाई चेन संकट कम हो सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्र को राहत मिल सकती है।

दूसरा, तेल और ऊर्जा बाजारः यदि दोनों देश सहयोग करते हैं, तो वैश्विक ऊर्जा कीमतों में अनिश्चितता कम हो सकती है। मध्य पूर्व में तनाव कम कराने के लिए संयुक्त दबाव बन सकता है। तीसरा, डॉलर बनाम युआनः चीन लंबे समय से डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को चुनौती देना चाहता है। ऐसे में अगर रिश्ते सुधरते हैं, तो अमेरिका कुछ आर्थिक संतुलन के साथ चीन को सीमित छूट दे सकता है, लेकिन डॉलर की केंद्रीय भूमिका तुरंत कमजोर नहीं होगी।

चतुर्थ, रूस, यूरोप और भारत पर प्रभावः जहां तक रूस की बात है कि रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के लिए यह स्थिति मिश्रित हो सकती है। यदि अमेरिका और चीन करीब आते हैं, तो रूस की सामरिक उपयोगिता कुछ घट सकती है। लेकिन चीन रूस को पूरी तरह छोड़ने की स्थिति में नहीं होगा, क्योंकि उसे ऊर्जा और सैन्य संतुलन की जरूरत है।वहीं, जहां तक यूरोप की बात है तो यूरोपीय देश राहत महसूस करेंगे क्योंकि अमेरिका-चीन तनाव से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा था। लेकिन यूरोप को डर रहेगा कि कहीं अमेरिका चीन के साथ सौदेबाजी में यूरोपीय हितों को पीछे न छोड़ दे।

जहां तक भारत की बात है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों ला सकती है। जहां संभावित अवसर के रूप में वैश्विक व्यापार स्थिर होने से भारतीय निर्यात को लाभ मिलेगा। अमेरिका और चीन दोनों भारत को संतुलनकारी शक्ति के रूप में महत्व देते रहेंगे। भारत वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र बन सकता है।

जहां तक संभावित चुनौतियाँ की बात है तो यदि अमेरिका चीन के प्रति नरम होता है, तो भारत पर चीन-विरोधी रणनीतिक दबाव कम हो सकता है। सीमा विवादों पर चीन अधिक आत्मविश्वासी रुख भी अपना सकता है। वहीं, क्वाड (QUAD) जैसे समूहों की रणनीतिक धार कुछ कम हो सकती है। जहां तक सैन्य और सामरिक प्रभाव की बात है तो

ताइवान मुद्दे पर तनाव कुछ समय के लिए कम हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में सैन्य टकराव की आशंका घट सकती है। लेकिन दोनों महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा पूरी तरह खत्म नहीं होगी। सवाल है कि क्या यह स्थायी दोस्ती होगी? संभवतः नहीं। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा संरचनात्मक हैः तकनीकी वर्चस्व, सैन्य प्रभुत्व, वैश्विक व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और इंडो-पैसिफिक रणनीति।

इन मुद्दों पर दोनों देशों के हित टकराते रहेंगे। इसलिए यह "पूर्ण मित्रता" से अधिक "व्यावहारिक समझौता" हो सकता है।

इस पुनर्मिलन का सबसे बड़ा वैश्विक संदेश यह है कि दुनिया अब बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, जहाँ अमेरिका अकेला निर्णायक शक्ति नहीं रहेगा, बल्कि चीन भी खुलकर वैश्विक नेतृत्व चाहता है। वहीं, भारत, रूस, यूरोप, ब्राजील और खाड़ी देश भी अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र मजबूत कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में ट्रंप-जिनपिंग संवाद वैश्विक शक्ति-संतुलन को नया आकार दे सकता है।

**कमलेश पांडेय**

## माना कि आपने ...

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र



# मी लॉर्ड नहीं चाहते सिस्टम की आलोचना

क्या अब सरकार के साथ ही साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश भी नहीं चाहते कि कोई भी व्यक्ति सिस्टम की आलोचना करें ? क्या सरकार से सवाल करना तथा सवाल का जवाब न मिलने पर सूचना के अधिकार के अंतर्गत जवाब मांगना अपराध है? क्या सिस्टम की नाकामी को उजागर करने वाले पत्रकार, वकील तथा सोशल मीडिया और मीडिया के जरिए सामाजिक सरोकारों तथा मुद्दों को उठाना देशद्रोह या राष्ट्रद्रोह है? क्या यह कहना और पूछना गलत है कि प्रत्येक परीक्षा का पर्चा क्यों लीक होता हैं ? क्या यह जानना अपराध है कि रुपये का अवमूल्यन इतनी तेजी से क्यों हो रहा है? महंगाई क्यों बढ़ रही है? बेरोजगारो की संख्या क्यों बढ़ा रही है? काम के अवसर क्यों कम होते जा रहे हैं? अगर यह बातें भारत का 65% युवा जानना चाहता है या पूछना चाहता है तो क्या वह कॉकरोच है ? परजीवी है? क्या अगर कोई वकील यह जानना चाह रहा है कि जस्टिस वर्मा के विरुद्ध अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? अगर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है तो अब तक स्वीकार क्यों नहीं हुआ? तो क्या यह अदालत की अवमानना की श्रेणी में आता है या फिर देशद्रोह की श्रेणी में आता है? माई लॉर्ड अब आप ही बताइए कि क्या जानकारी मांगना और सरकार तथा सिस्टम की



आलोचना करने वाले कॉकरोच है जैसा कि आपने कहा था? माय लॉर्डशिप भारत के जो 65% नवयुवक है वह भारत मां की तरुणमयी के प्रतीक हैं भारत का भविष्य है। अब अगर उनके पास कोई अच्छी नौकरी नहीं है तो इसमें क्या सारी गलती उनकी ही है। भ्रष्ट सिस्टम की कोई गलती नहीं है? पेपर बेचे जा रहे हैं, नौकरियां बेची जा रही है, डिग्रियां बेची जा रही हैं और कोई पूछने वाला नहीं? सवाल उठाने वाला नहीं? बोलने वाला नहीं? अगर किसी ने आवाज निकाल दी या सिस्टम की आलोचना कर दी तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर और गिरफ्तारी। भारत का 65% नवयुवक क्या इसी भ्रम में जी रहा था कि जब उसके खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई होगी तो आप उसको संरक्षण देंगे उसके अधिकारों की रक्षा करेंगे। लेकिन आप तो सरकार से दो हाथ आगे निकल गए और कहने लगे कि कुछ लोग कॉकरोच की तरह होते हैं जो रोजगार नहीं मिलने पर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं । ऐसे कुछ बेरोजगार युवकों की तुलना आपने तिलचट्टे से करते हुए आगे कहा कि ऐसे कुछ लोग आगे चलकर मीडिया सोशल मीडिया और आरटीआई के कार्यकर्ता तथा अन्य कार्यकर्ता बन जाते हैं और व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। इस तरह का बयान आप जैसे लोग जब सार्वजनिक रूप से या ओपन कोर्ट रूम से देंगे तो उसको काफी गंभीरता से लिया जाएगा। क्योंकि आपके पास लोग न्याय के लिए आते हैं वह आपसे या कतई अपेक्षा नहीं करते कि आप देश के बड़े संख्या वाले युवाओं पर इस तरह की टिप्पणी करेंगे। क्योंकि इस तरह की टिप्पणी से न केवल उनकी भावनाएं आहत होती है बल्कि वह यह भी सोचने को मजबूर होते हैं कि क्या अब न्यायपालिका भी सरकार की हां में हम ही मिलायेगी और उसी के पद चिन्हो पर चलेगी । माना कि आपने उक्त टिप्पणी एक वकील को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा पाने से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए की लेकिन ऐसा करते हुए क्या यह आवश्यक था कि आप देश के 65% नौजवानों को टारगेट करें । उन्हें कॉकरोच कहें। माय लॉर्ड देश की सभी संवैधानिक संस्थाएं घटिया राजनीति के चलते अपनी प्रतिभा और पहचान खोती जा रही हैं लेकिन अदालतों को तो इससे बचा लीजिए वरना वह दिन दूर नहीं जब अदालतें मछली बाजार की शक्ल में तब्दील हो जाएगी और जहां कब कोई जूता उछाल देगा कहा नहीं जा सकता। श्रद्धेय यह पब्लिक है यह सब जानती है यह हमारे बारे में भी जानती है और आपके बारे में भी जानती हैं। आपकी नजर में यह कॉकरोच भले हो लेकिन इसे लोकतंत्र की रक्षा करना अच्छे से आता है । इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी तानाशाह ने लोकतंत्र को दफनाने के लिए गड्ढा खोदा तो इसी भारत की तरुणमयी ने लोकतंत्र को दफनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में तानाशाह और तानाशाही को ही दफनाकर लोकतंत्र की रक्षा की । आपके बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी तनाव और गर्मी देखने को मिली। ऐसे में क्या ही अच्छा होता यदि आप खेद व्यक्त कर देते लेकिन अपने खेद व्यक्त करने के बजाए यह कहना शायद ज्यादा बेहतर समझा कि- मैने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी जिन्होंने फर्जी और नकली डिग्रियों की मदद से कानूनी पेशे में प्रवेश किया है।

## रिपोर्ट के ...

राजेश श्रीवास्तव

# अब तक 89 परीक्षाओं के पेपर हुए लीक लेकिन खामोश, इस्तीफा मत मांगना



नीट पेपर रद होने से चार छात्रों ने अपनी जान गंवा दी। 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में हैं और विपक्ष सरकार में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा मांग रहा है। लेकिन विपक्ष ने शायद कभी रक्षामंत्री रहे राजनाथ सिंह का बयान नहीं सुना कि हमारी सरकार में इस्तीफे नहीं होते, यह सब यूपीए सरकार में होता था, उनकी मानें, तो नैतिकता, उत्तरदायित्व और जवाबदेही यह सब यूपीए सरकार के बंधन थे । राजग सरकार इन बंधनों से मुक्त है। हालांकि राजनाथ सिंह ने नीट मामले पर नहीं किसी दूसरे मुद्दे पर यह भाषण दिया था लेकिन तब शायद राजनाथ सिंह को यह नहीं पता था कि उनका यह भाषण उनकी ही सरकार में पत्थर की लकीर बन जायेगी, उनकी सरकार में मंत्री चाहे जिस स्तर पर नाकाम होंगे, न तो उनसे कोई सवाल किया जायेगा और न ही वह उत्तर देने के लिए बाध्य होंगे। तो फिर धर्मेन्द्र प्रधान क्यों इस्तीफा दें. वह कह तो रहे हैं कि दोबारा परीक्षा होगी, फीस नहीं पड़ेगी और क्या कर दें। पिछली बार जो एनटीए का सर्वोच्च अधिकारी था उसे तो पुरस्कार मिल चुका है. अब इस बार वाले की बारी है। उसे भी अहम पद मिलेगा, यह तय है। मोदी सरकार में अब तक 89 परीक्षा के पेपर लीक हो चुके हैं।

नीट यूजी में पेपर लीक कोई इकलौती घटना नहीं है। पुलिस भर्ती से लेकर बोर्ड परीक्षाओं तक कोई ऐसी परीक्षा नहीं, जिसका पेपर लीक होने से बचा हो। पिछले पांच साल में एक करोड़ से अधिक अभ्यर्थी इसके पीड़ित हैं। नीट यूजी 2024 के पेपर लीक मामले में बड़े पैमाने पर धरपकड़ जारी है लेकिन पेपर लीक का यह कोई इकलौता मामला नहीं है। पिछले कुछ साल में पेपर लीक और पेपर आउट जैसे शब्द अक्सर ही सुनने को मिलते रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले पांच साल में यानी 2०19 से जून 2०24 के बीच कम से कम 65 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ये वो मामले हैं, जिनमें या तो एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारियां हुई या परीक्षा ही रद्द कर दी गई। जिन बड़ी परीक्षाओं के पेपर पिछले पांच साल में लीक हुए हैं उसमें भारतीय सेना की भर्ती परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2०23, सीटीईटी 2०23, जेईई मेन्स 2०21और नीट यूजी 2०23 जैसी परीक्षाएं शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक पेपर साल 2०21 में लीक हुए। उस साल 17 परीक्षाओं के पेपर आउट हुए। इसके बाद साल 2०19 में नौ, 2०2० में 12, 2०22 में 11, 2०23 में 12 और 2०21 में अब तक पांच भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ये पेपर लीक के मामले देश के 19 राज्यों के हैं। आंकड़ों से यह भी पता चला कि सबसे ज्यादा पेपर लीक के आठ से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में हुए हैं। इसके बाद राजस्थान और महाराष्ट्र सात-सात मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। बिहार में पेपर लीक के छह मामले, गुजरात व एमपी में 4-4 मामले हुए हैं। इसके अलावा हरियाणा, कर्नाटक, ओडिशा और बंगाल में स्कैम के तीन-तीन केस सामने आए हैं।

## जरा हटके

## उत्तर प्रदेश जैसे ...

अभिषेक सक्सेना

# उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 चुनौतियों से समाधान तक, आत्मनिर्भरता की ओर एक ठोस कदम

उत्तर प्रदेश सेमीकण्डक्टर नीति-2024 का उद्देश्य प्रदेश को पूरे देश में सेमीकण्डक्टर निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख हब के रूप में स्थापित करना है। भारत को सेमीकण्डक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करते हुए तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। आज के डिजिटल युग में सेमीकंडक्टर केवल एक तकनीकी उत्पाद नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की आधारशिला बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और रक्षा प्रणाली हर क्षेत्र सेमीकण्डक्टर पर निर्भर है। इसके बावजूद, लंबे समय तक भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर रहा। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न वैश्विक चिप संकट ने इस निर्भरता की कमजोरियों को उजागर किया था। ऑटोमोबाइल उत्पादन ठप हुआ, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग प्रभावित हुआ और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी।

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और जनसंख्या बहुल राज्य के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण थी, जहाँ रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करना और औद्योगिक विकास को गति देना एक निरंतर आवश्यकता है। तकनीकी क्षेत्र में सीमित निवेश, उच्च-स्तरीय अनुसंधान संस्थानों की कमी, और वैश्विक कंपनियों के लिए अनुकूल इकोसिस्टम का अभाव सभी बाधाएँ राज्य को इस उभरते क्षेत्र में पीछे रखती थीं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को बनाकर लागू किया। यह नीति केवल एक औद्योगिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए एक समग्र रणनीति के रूप में तैयार की गई है,



जिसका उद्देश्य राज्य को सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। सेमीकण्डक्टर विनिर्माण में निवेश आकर्षित करने हेतु भारत सरकार की पहल के अनुरूप सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह एक स्वतन्त्र सेमीकण्डक्टर नीति प्रख्यापित की गई है।

सेमीकण्डक्टर इकाइयों के लिए डेडीकेटेड प्रावधान आरम्भ करने वाला उत्तर प्रदेश चौथा राज्य है। नीति प्रख्यापन के प्रथम वर्ष में ही मेसर्स टॉर्क सेमीकण्डक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड की रु 28,440 करोड़ तथा मेसर्स वामासुन्दरी इन्वेस्टमेण्ट्स (दिल्ली) प्रा०लि0 की रु 3,706.12 करोड़ के निवेश वाली दो वृहद परियोजनाओं को निवेश हेतु अनुमोदन प्रदान कर लेटर ऑफ कम्फर्ट निर्गत कर दिया गया है। लगभग रु0 506 करोड़ के निवेश वाला एक अन्य परियोजना-प्रस्ताव भी अनुमोदन की प्रक्रिया के अधीन हैं। प्रदेश में निवेशकों के सामने उच्च लागत और जटिल प्रक्रियाओं को दूर करने एवं उनके समाधान के रूप में प्रदेश सरकार के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने पूंजीगत सब्सिडी, भूमि पर रियायत, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बिजली दरों में राहत जैसी सुविधाएँ प्रदान की है।

इसके साथ ही, एकीकृत सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने में कम समय लगे और अनावश्यक बाधाएँ समाप्त हों। उन्नत बुनियादी ढाँचे के अभाव को दूर करने के लिए सेमीकंडक्टर उद्योग को अत्यधिक पूंजी गहन और तकनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता को दूर किया गया। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-6 क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया है। यह क्लस्टर वैश्विक कंपनियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और इसके आसपास सहायक उद्योगों के विकास की भी संभावनाएँ पैदा करता है। कुशल मानव संसाधन की भी व्यवस्था की गई है। इस नीति के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की योजना के माध्यम से युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्राप्त कर रोजगार से लगे।

उ0प्र0 सेमीकंडक्टर नीति आम नागरिकों के जीवन को भी सीधे प्रभावित करती है। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता होती है। उच्च-कुशल इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों और श्रमिकों तक विभिन्न स्तरों पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। इससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर रोजगार मिलेगा और अन्य राज्यों या देशों की ओर पलायन में कमी आएगी। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर उद्योगों के विकास से छोटे व्यवसायों और एमएसएमई को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

इस नीति में सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के सभी महत्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया है। इसमें फैब्रिकेशन यूनिट्स (थ्इ) डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग, ।ज्डच्ए ।ेमउइसल ज्मेजपदहए (डंतापदह ंदक चंबांहपदह). डिजाइन यूनिट्स और सप्लाई चेन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल एक क्षेत्र में विकास करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण इकोसिस्टम तैयार करना है, जहाँ सभी गतिविधियाँ एक-दूसरे से जुड़ी हों और सामूहिक रूप से विकास को गति दें। वर्तमान में इस नीति के तहत निवेश आकर्षित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं।

## शादी से मना करने पर लड़की के दोनों स्तन काटे, पीड़ित बोली- पेड़ से बांधकर पीटा

# हरदोई में सिरफिरे की हैवानियत

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में एकतरफा प्यार में 24 साल के सिरफिरे ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। उसने शादी से इनकार करने पर 17 साल की लड़की के दोनों स्तन काट दिए। इससे पहले, वह लड़की को जबरन उठा ले गया। सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। पेड़ से बांधकर उसे लात-घूसों से पीटा। फिर अधमरा छोड़कर भाग गया।

लड़की ने शनिवार को बताया- लड़का मेरे गांव में ही रहता है। 11 मई को जब मैं एक शादी से लौट रही थी, तभी वह जोर-जबरदस्ती कर मुझे सुनसान जंगल जैसी जगह पर ले गया। पेड़ से बांध दिया। बार-बार एक ही सवाल कर रहा था कि मुझसे शादी करोगी या नहीं? लड़की की मां ने बताया- बेटी को लेकर मैं थाने और चौकी भटकती रही, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। बाद में केवल मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामला जिला मुख्यालय से 46 किलोमीटर दूर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र का है।



हरदोई में 24 साल के युवक ने 17 साल की लड़की को पेड़ से बांधकर पीटा। उसे अधमरा कर भाग गया।

### घर जाते वक्त उठा ले गया, अधमरा कर भागा

बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में 17 साल की लड़की रहती है। इन दिनों वह दिल्ली में अपनी बड़ी बहन के साथ रह रही है। लड़की 3 मई को अपनी चचेरी बहन की शादी में आई थी। लड़की ने बताया- 11 मई को तेल पूजन का कार्यक्रम था। रात में मैं और मेरा पूरा परिवार अपने घर से 300 मीटर दूर चाचा के घर पर था। रात में मां ने कहा कि एक बार घर जाकर देख आओ, सब ठीक तो है। मैं अकेले ही घर जा रही थी। रात करीब 11:15 बजे गांव के ही रहने वाले अतुल (24) ने मुझे रास्ते में पकड़ लिया। लड़की ने बताया- उसने मेरा मुंह दबाया और सुनसान जगह पर ले गया। वहां मुझे पेड़ से बांध दिया। मुझ पर शादी का दबाव बनाने लगा। जबरिया बात करने और रोज-रोज मिलने की बात कहने लगा। मैंने जब कहा कि ऐसा नहीं हो सकता, तो वह भड़क गया। मैंने समझाया कि वह मेरे रिश्ते में भाई लगता है। भइया कहती हूं, लेकिन वह नहीं माना।

### मां बोली- बेटी की जिंदगी बर्बाद हुई, पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही

लड़की की मां ने बताया- सीएचसी में एक दरोगा और सिपाही पहुंचे। बेटी और मेरा बयान लिया। चूंकि, हम पढ़े-लिखे नहीं हैं, इसलिए उसने खुद प्रार्थना पत्र लिखा। उसने सिर्फ मारपीट का एप्लिकेशन लिखा। इस वजह से थाने में मारपीट का केस दर्ज कर दिया गया। 5 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।



युवक 'अतुल डीजे' नाम से बैंड चलाता है। इसी ने लड़की को किडनैप किया था।

### एफआईआर के लिए रातभर भटकी

लड़की ने बताया- जब मुझे होश आया, तो अतुल वहां नहीं था। किसी तरह खुद को रस्सी खोलकर अलग किया। दर्द से कराहते हुए घर पहुंची। परिवारवालों को आपबीती बताई। मां मुझे लेकर प्रतापनगर चौकी पहुंची, लेकिन वहां किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। फिर हम कोथावां चौकी गए, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मेरी हालत खराब होती जा रही थी। मां मुझे लेकर बेनीगंज सीएचसी गई। वहां डॉक्टर ने इसे पुलिस केस बताते हुए थाने में सूचना दी।

## पीएम की अपील के बाद बढ़ी पेट्रोल डीजल की खपत

### 6 दिनों में 2 लाख लीटर ज्यादा ईंधन बिका

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खपत लगातार बढ़ रही है। शहर के 319 संचालित पेट्रोल पंपों पर पिछले छह दिनों में करीब 2 लाख लीटर ज्यादा ईंधन की बिक्री दर्ज की गई है। हालांकि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी लोगों से ईंधन बचाने की अपील कर रहे हैं और कई अधिकारियों ने अपने प्रोटोकॉल भी कम किए हैं, लेकिन इसके बावजूद खपत में कमी नहीं आई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को लोगों से पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करने की अपील की थी। इसके बाद भी 8 मई से 13 मई के बीच शहर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री लगातार बढ़ती रही। इस दौरान तेल कंपनियों के मुताबिक करीब 35 लाख लीटर पेट्रोल और 59 लाख लीटर से अधिक डीजल की बिक्री



हुई। आंकड़ों के अनुसार 8 मई को शहर में 4.04 लाख लीटर पेट्रोल और 8.08 लाख लीटर डीजल की बिक्री हुई थी। वहीं 9 मई को पेट्रोल की बिक्री बढ़कर 5.75 लाख लीटर और डीजल की बिक्री 10.19 लाख लीटर पहुंच गई। 10 मई को 5.95 लाख लीटर पेट्रोल और 9.28 लाख लीटर डीजल बिका। इसके बाद 11 मई को सबसे ज्यादा 6.50 लाख लीटर पेट्रोल और 10.46 लाख लीटर डीजल की बिक्री दर्ज की गई। 12 मई को पेट्रोल की बिक्री 5.94 लाख लीटर और डीजल की बिक्री 10.39 लाख लीटर रही, जबकि 13 मई को 6.18 लाख लीटर पेट्रोल और 10.39 लाख लीटर डीजल की बिक्री हुई।

**फास्ट न्यूज**

### सारनाथ फ्लाईओवर पर चलती कार बनी आग का गोला

वाराणसी। वाराणसी में रविवार की रात सारनाथ फ्लाइओवर पर तेज रफ्तार कार में धमाके के साथ आग लग गई। पहाड़िया से सारनाथ की ओर दौड़ती कार आग का गोला बन गई। जब तक कार को रोका गया, आग ने पूरी तरह से कार को चपेट में ले लिया। कार धूं-धूंकर जलने लगी और कार सवार कार छोड़कर भागने लगे।

### महिला से मिलने आया यूट्यूबर प्रेमी

गोरखपुर। गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र में रविवार शाम पत्नी और उसके प्रेमी पर पति ने प्राणघातक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि शाम के समय यूट्यूबर प्रेमी को महिला घर पर मिलने के लिए बुलाई थी। इस दौरान अचानक पति घर पर आ गया। पत्नी को युवक के साथ देखकर वह आग बबूला हो गया। उसने घर में रखे डंडे और धारदार हथियार से दोनों पर प्रहार कर दिया। इसमे महिला का सिर फट गया और यूट्यूबर की गर्दन कट गई। जिसके बाद महिला और उसका प्रेमी खून से लथपथ होकर वहीं गिर गए। इस तरह घटना को अंजाम देकर पति फरार हो गया।

### दालमंडी चौक मार्ग का नाम जयशंकर प्रसाद पर रखा जाए

वाराणसी। नागरी प्रचारिणी सभा के व्योमेश शुक्ला ने दालमंडी-चौक मार्ग का नाम जयशंकर प्रसाद के ऊपर रखने की डिमांड की है। उन्होंने एक लेटर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को लिखा है। उन्होंने इसके अलावा लमही स्थित प्रेमचंद आवास और चौखंभा स्थित भारतेन्दु आवास के भी जीर्णोद्वार और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की है।

## अधिकमास के आगाज पर राधावल्लभ मंदिर में होली और दीपावली का अद्भुत संगम



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ठाकुर राधावल्लभ मंदिर में पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) के शुभारंभ पर रविवार को अनूठी धार्मिक छटा देखने को मिली। मंदिर परिसर में सुबह होली के रंग बिखरे तो वहीं शाम को दीपावली का भव्य उत्सव मनाया जाएगा। एक ही दिन दो अलग-अलग ऋतुओं के प्रमुख पर्वों के आयोजन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

सुबह आराध्य ठाकुर राधावल्लभ लाल ने श्वेत वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। इसके बाद मंदिर में पारंपरिक फूलों और रंगों की होली का आयोजन हुआ। सेवायत मोहित मराल गोस्वामी ने बताया कि आयोजन के लिए विशेष रूप से 200 किलोग्राम गुलाब के फूल मंगाए गए थे। सेवायतों और श्रद्धालुओं ने पहले ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली, उसके बाद भगवान ने पिचकारी से भक्तों पर रंग बरसाया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर राधावल्लभ श्री हरिवंश के जयकारों से गूंज उठा।

उन्होंने बताया कि रविवार शाम ठाकुर जी के सम्मुख भव्य दीपावली उत्सव मनाया जाएगा। मंदिर को देसी घी के दीपों से सजाया जाएगा तथा ठाकुर जी का विशेष अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

## देश को संकट से बचाने के लिए नया सोना न-खरीदें

कानपुर। कानपुर में सराफा कारोबारियों ने अब ठोस सोना यानी बुलियन की बिक्री बंद कर केवल ज्वेलरी बेचने का फैसला लिया है। यह निर्णय जिलाधिकारी और राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया। बैठक में सराफा कारोबारियों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सोने के आयात को कम करने में सहयोग की अपील की गई।

बैठक शनिवार को जिलाधिकारी कानपुर नगर और राज्य कर विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित हुई। इसमें सराफा एसोसिएशन और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने कारोबारियों से बुलियन की खरीद और बिक्री फिलहाल रोकने को कहा, जिस पर व्यापारियों ने सहमति जताई। कारोबारियों ने आश्वासन दिया कि अब वे ठोस सोना नहीं, बल्कि केवल ज्वेलरी की बिक्री करेंगे।

## हमीरपुर में कार ट्रक से भिड़ी, मरने वालों में 3 लोग एक ही परिवार के

# बागेश्वर धाम से लौट रहे 4 लोगों की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

हमीरपुर । हमीरपुर में वैगनआर कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार ड्राइवर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के 3 लोग शामिल हैं। सभी मध्यप्रदेश के छतरपुर में बाबा बागेश्वर धाम में दर्शन करने के बाद कानपुर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के अंदर की सीट भी उखड़ गई। कार सवार सभी लोग कानपुर के नवाबगंज के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसा रविवार दोपहर मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे- 34 पर छिरका गांव के पास हुआ।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार करीब 80KM प्रति घंटा थी। ट्रक से टकराने के बाद कार के दोनों एयरबैग भी खुल गए थे। लेकिन, तेज रफ्तार की वजह से गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। लोग कार में ही फंस गए थे। राहगीरों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी और घायलों को काफी मुश्किल से कार से बाहर निकाला।



**परिवहन निगम के एक टीआई सतेंद्र सिंह बसों की चेकिंग के लिए हाईवे किनारे खड़े थे। उन्होंने बताया कि वैगनआर रॉन्ग साइड से महोबा की तरफ से आई थी और सीधे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद एक महिला की सांस चल रही थी।**



### कार रॉन्ग साइड से आ रही थी, जो सीधे ट्रक में जा घुसी

पुलिस के मुताबिक, कार से पांच लोग सवार थे। कार ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। मौके पर ही नरेंद्र (55), राजकपूर (57), उनकी पत्नी मीना (54) ड्राइवर आयुष चौहान (25) की मौके पर मौत हो गई। नरेंद्र की पत्नी रेखा (52) को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। चारों लोग जागेश्वर मंदिर के पास नवाबगंज कानपुर के रहने वाले थे, जबकि ड्राइवर आयुष लखनऊ का रहने वाला है।

## मामले में गरमाई सियासत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# भगवान श्रीराम और पत्रकारों पर कथित अभद्र टिप्पणी



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। भगवान श्रीराम और पत्रकारों पर कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिए-शन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में पत्रकारों ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राज्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने तथा शीघ्र कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संतोष शुक्ला एवं जिला महामंत्री



दीपक सिंह सरल द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बीते 08 मई को सूरतगंज क्षेत्र के एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के मोबाइल फोन पर जिला पंचायत तृतीय सूरतगंज प्रतिनिधि बलराज सिंह उर्फ बल्लू ने अपने एक साथी के मोबाइल नंबर से कॉल कर पत्रकारों को भद्दी गालियां दीं। आरोप है कि बातचीत के दौरान भगवान श्रीराम के प्रति भी अभद्र टिप्पणी की गई, जिससे पत्रकारों के साथ-साथ सनातन धर्म के अनुयायियों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि घटना के विरोध में 10 मई को रामनगर तहसील अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल मोहम्मदपुर खाला कोतवाली पहुंचा था, जहां आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी गई थी।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पत्रकार संगठनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पत्रकारों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी या उत्पीड़न के मामलों में 24 घंटे के भीतर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष शुक्ला, जिला महामंत्री दीपक सिंह सरल, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत गुप्ता, तहसील अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा, प्रेम नारायण सिंह, सत्यवान पाल, शिवम मिश्रा, रामकरन रावत, राजू गोस्वामी, धनंजय मिश्रा, रूपेश मिश्रा, मुकेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

**संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पत्रकार संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने राज्यमंत्री से जिला महामंत्री दीपक सिंह सरल ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी एवं सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की है। दीपक सिंह सरल ने आगे कहा पत्रकारों पर अगर किसी प्रकार की कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार समस्त प्रशासन होगा।**

## मथुरा में 17 कुंतल दूषित पेड़ा जब्त, वृंदावन में बड़ी कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वृंदावन में 17 कुंतल (1700 किलो) दूषित पेड़ा जब्त किया है। यह पेड़ा धौलपुर (राजस्थान) से तस्करी कर लाया गया था। खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्लास्टिक के 43 बोरों में भरे इस बदबूदार और अस्वस्थकर पेड़े को पकड़कर मौके पर ही नष्ट करा दिया। जब्त माल की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 58 हजार रुपये बताई गई है।

जिलाधिकारी सीपी सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सचल टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बुलेरो पिकअप वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा। वाहन के साथ मौजूद देवेंद्र पुत्र पीतम निवासी धौलपुर ने पूछताछ में बताया कि वह धौलपुर स्थित 'त्यागी इंडस्ट्रीज' से तैयार पेड़ा लेकर मथुरा आता था।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि छटीकरा निवासी अमरचंद और दिनेश गर्ग (विष्णु पुत्र अमरचंद) के माध्यम से इस पेड़े की सप्लाई वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के आसपास की स्थानीय एवं नामचीन मिठाई दुकानों पर की जानी थी। प्रशासन का मानना है कि यदि यह पेड़ा बाजार में पहुंच जाता तो हजारों श्रद्धालुओं की सेहत खतरे में पड़ सकती थी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कुल 9 संदिग्ध नमूने लिए। इनमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, राम नरेश, मोहर सिंह कुशवाहा, भरत सिंह, दलवीर सिंह और धर्मेंद्र सिंह शामिल रहे। वृंदावन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पेड़ा जल्दी खराब होने वाली सामग्री थी, इसलिए खाद्य कारोबारकर्ताओं की लिखित सहमति के बाद सभी 43 बोरों को गड्ढा खोदकर मौके पर ही नष्ट कराया गया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बीजेपी दुनिया का ...

सीएम योगी ने कहा- भाजपा में एक कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बन सकता है। यह इसलिए है कि यहां परिवारवाद नहीं है।

सीएम योगी ने कहा-जनसंघ व भाजपा के जो नेताओं ने सोचा था, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में वह साकार हुआ है। कश्मीर में धारा 370 समाप्त हो चुका है। अब जो शेष भारत में जो व्यवस्था लागू होती है, वही जम्मू कश्मीर में भी लागू होती है। यह सच्ची श्रद्धा का भाव है। परिवारवाद, क्षेत्रवाद व जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद मजबूत होना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा- डा. मुखर्जी अपने सहयोगियों के साथ परमिट सिस्टम का विरोध करने के लिए कश्मीर में प्रवेश किया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जम्मू कश्मीर की जेल में उनकी हत्या करवा दी गई। देश के लिए लड़ने वाले नेता ने बलिदान देकर भारतीय जनसंघ की नींव को आगे बढ़ाया।

पं. दीन दयाल उपाध्याय ने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ देने की वकालत की। वह बाद में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बने। उनके साथ भी विश्वासघात हुआ। असमय उनकी भी मृत्यु हुई। लगातार कार्य करते हुए राजनीतिक स्थिरता विकास के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है, इसे वह जानते थे।

पहली बार 1967 में गैर कांग्रेसी सरकार के गठन का श्रेय भी उन्हें जाता है। भारतीय जनसंघ अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के समय में प्रवेश करती है। उस समय भारतीय जनसंघ का विलय जनता पार्टी में कराकर लोकतंत्र की लड़ाई को आगे बढ़ाया था।

### कार्यकर्ता संगठन ...

हमारे संगठन के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। साथ ही बेहतर समन्वय के साथ भाजपा परिवार को सशक्त और समृद्धशाली बनाने के लिए काम करना होगा। संगठन की संरचना होती है। बूथ पर शक्तिशाली संरचना पर काम करना होगा। हमारा केंद्र बिन्दु हमारा बूथ होना चाहिए।

### यह आयोजन हजारों ...

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा हेतु 9,645 तथा कार्यानुभव शिक्षा हेतु 6,192 अनुदेशक कार्यरत हैं, जो विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### पीएम मोदी 8 साल ...

इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों की भी उम्मीद है।

इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है।

ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 19वीं सदी में जब यूरोपीय देश भारत और एशिया के दूसरे हिस्सों में व्यापार और रिसर्च कर रहे थे, उसी दौरान ये दस्तावेज विदेश ले जाई गईं थीं।

### यूएई के न्यूक्लियर...

युद्ध के दौरान UAE में इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे।

वहीं, ईरान जंग के बीच एक और LPG टैंकर होर्मुज पार कर भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला टैंकर 'सिमी' 20 हजार टन LPG लेकर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा। ANI की रिपोर्ट के मुताबिक, जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 LPG जहाज भारत पहुंच चुके हैं।

टैंकर 'सिमी' ने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत आने वाला LPG जहाज 'MV सनशाइन' भी हाल ही में सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार कर चुका है।

ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के साथ शांति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पांच बड़ी शर्तें रखी हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ईरान को बमबारी से हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। साथ ही उसने मांग की है कि ईरान अपने 400 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम को अमेरिका को सौंपे।

### गाजा के कम्युनिटी...

इसके अलावा, शनिवार को अल-शिफा अस्पताल के पास एक वाहन पर हुए हमले में दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। बताया गया कि ये लोग "कवाफिल अल-खैर" नाम की राहत संस्था से जुड़े थे।

### 'पीएम ने शिक्षा मंत्री ...

जहां कोर्ट ने बॉटनी टीचर मनीषा मंधारे को 14 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा को दिल्ली में CBI हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीबीएसई के खराब OSM सिस्टम के कारण 12वीं के कई छात्रों को उम्मीद से कम अंक मिले। इसके कारण कई छात्र कॉलेज में एडमिशन की योग्यता खो बैठे हैं। CBSE ने अब 9वीं क्लास के लाखों छात्रों को 1 जुलाई से नई भाषा सीखने का कहा है। न कोई शिक्षक है, न कोई बुक और 14 साल के बच्चों को काम चलाऊ उपाय के तौर पर 6वीं कक्षा की किताबें थमा दी गई हैं।

### वकीलों पर ...

नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे। इनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर और 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चैंबर तोड़ दिए।

नगर निगम की टीम चैंबर में लगी चटाइयां और कुर्सियां को गाड़ियों में भरकर ले गई। कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चैंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला।

एक अन्य वकील पुलिस के सामने हाथ जोड़कर चैंबर न तोड़ने की गुहार लगाता रहा। उसने कहा- 36 साल से मेरा यही चैंबर है। यह अवैध नहीं है। अगर मेरे चैंबर पर बुलडोजर चला तो मैं जिंदा नहीं रहूंगा।

### सुल्तानगढ़ में खाट...

जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने 500 मीटर के दायरे में सक्रिय मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) मंगवाई है।इस डेटा के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के समय कौन लोग इलाके में सक्रिय थे और किससे संपर्क में थे। वारदात के बाद सुल्तानगढ़ बाजार में डर और सन्नाटा पसरा है। दुकानदारों में भय का माहौल है। लोग रात में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।पुलिस का कहना है कि हत्या की गुत्थी जल्द सुलझा ली जाएगी और आरोपी तक पहुंचने के लिए हर तकनीकी और मानवीय पहलू पर काम किया जा रहा है।

### केरलम में सीएम समेत ...

UDF ने कांग्रेस विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनीमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाने का फैसला किया है। सतीशन ने कहा कि कैबिनेट में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है। शपथ ग्रहण 18 मई को तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में सुबह 10 बजे से होगा।

कांग्रेस ने केरलम के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद 14 मई को ऐलान किया था कि 61 साल के वीडी सतीशन राज्य के नए सीएम होंगे।

### अल नासिर एक भी गोल नहीं कर सकी, गाम्बा ओसाका ने 1-0 से हराया

# एशियन चैंपियंस लीग 2 का फाइनल हारी रोनाल्डो की टीम

**खेल**

**रियाद, एजेंसी**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासिर एशियाई चैंपियंस लीग 2 का फाइनल हार गई। जापान के क्लब गाम्बा ओसाका ने उसे 1-0 से हराया। मैच में ज्यादा समय गेंद पर पोजेशन और कई मौके मिलने के बावजूद रोनाल्डो और उनके साथी एक भी गोल नहीं कर सके।

दिसंबर 2022 में अल नासिर से जुड़े रोनाल्डो के पास हाफटाइम से पहले बराबरी का सुनहरा मौका था, लेकिन जोआओ फेलिक्स के क्रॉस पर उनका क्लोज-रेंज हेडर




गोलपोस्ट के बाहर चला गया। यह हफ्ता अल नासिर के फैंस के लिए निराशाजनक रहा। 5 दिन पहले टीम 2019 के बाद पहली बार सऊदी प्रो लीग जीतने के करीब थी, लेकिन इंजरी टाइम में गोल खाने से खिताब का फैसला आखिरी मैच-डे तक पहुंच गया। हालांकि, अल नासिर के पास अभी भी सऊदी प्रो लीग जीतने का मौका है। टीम अंक तालिका में अल-हिलाल से 2 अंक आगे है। गुरुवार को दमाक के खिलाफ आखिरी मुकाबला जीतकर वह ट्रॉफी अपने नाम कर सकती है।

**चेल्सी से पिछले साल जुलाई में अल नासिर से जुड़े जोआओ फेलिक्स ने मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले बॉक्स के बाहर से दमदार लो-शॉट लिया, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकर-ाकर लौट आई। यहां अल नासिर की किस्मत ने साथ नहीं दिया।**



### डेनिज हैमट ने दागा इकलौता गोल

मैच का इकलौता गोल फर्स्ट हाफ में गाम्बा ओसाका के तुर्की फॉरवर्ड डेनिज हैमट ने किया। उन्होंने 30वें मिनट में डी-एरिया के अंदर से लो-शॉट मारकर गेंद नेट के निचले कोने में पहुंचाई। लंबी VAR जांच के बाद गोल को सही माना गया। हाफटाइम पर चोटिल होकर बाहर हुए मैच विनर हैमट ने कहा, 'मैं गोल करके टीम की मदद करने से बेहद खुश हूँ। दूसरी छमाही में बेंच पर बैठकर मैच देखना काफी तनावपूर्ण था, लेकिन मुझे अपने साथियों पर गर्व है जिन्होंने शानदार डिफेंस किया। अब जश्न मनाने का समय है।'

## आईपीएल-गुजरात 5 जीत के बाद हारी कोलकाता 29 रन से जीती

नई दिल्ली। IPL में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने गुजरात टाइटंस (GT) को 29 रन से हरा दिया। कोलकाता ने ईडन गार्डन्स में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में गुजरात 4 विकेट खोकर 218 रन ही बना सकी। कोलकाता की यह 12 मैचों में 5वीं जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर आ गई है। वहीं, गुजरात 16 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर बरकरार है। कोलकाता के लिए फिन एलन ने 35 गेंदों में 93 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वहीं अंगकृष रघुवंशी ने नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 44 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 7 छक्के लगाए।

अंतिम ओवरों में कैमरन ग्रीन ने भी 28 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए।

248 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए शुभमन गिल ने



49 गेंदों में 85 रन की कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं चोटिल होने के बाद लौटे साई सुदर्शन ने नाबाद 53 रन बनाए, जबकि जोस बटलर ने 35 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। हालांकि, टीम को दूसरे छोर से लगातार विकेट गंवाने पड़े। कोलकाता की ओर से सुनील नरेन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। सौरभ दुबे और कैमरन ग्रीन को 1-1 विकेट मिला। साई सुदर्शन ने कैमरन ग्रीन की गेंद पर छक्का लगाकर IPL करियर की 18वीं फिफ्टी पूरी कर ली। शॉर्ट और लेग साइड की गेंद पर सुदर्शन ने शानदार पुल शॉट खेला और गेंद को लॉन्ग लेग के ऊपर से सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया।

# कोलकाता की उम्मीदें बरकरार

## बेंगलुरु के पास नॉकआउट में पहुंचने का मौका

नई दिल्ली। IPL 2026 के 60 मैच पूरे हो चुके हैं। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखीं। कोलकाता 12 मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम को अंतिम-4 में पहुंचने के लिए बचे दोनों मैच जीतने होंगे।

आज लीग में दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में बेंगलुरु के पास पंजाब को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनने का मौका है। पंजाब के लिए भी यह मुकाबला जीतना जरूरी है।

दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के लिए यह मैच अहम है। दिल्ली 10 पॉइंट्स के साथ आठवें और राजस्थान 12 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर है।



कोलकाता से हार के बाद भी गुजरात दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम के 13 मैच में 8 जीत और 5 हार के साथ 16 पॉइंट्स हैं। गुजरात का अगला मैच चेन्नई से है, जिसे उसे जीतना होगा।

बेंगलुरु 16 पॉइंट्स और +1.053 नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर है। टीम पंजाब को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है। उसे पंजाब और हैदराबाद से मैच खेलना है। गुजरात पर जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 12 मैचों में 11 पॉइंट्स हैं। KKR को अब मुंबई और दिल्ली से मैच खेलने हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए टीम को दोनों मुकाबले जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

हैदराबाद 12 मैच में 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर है। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए 18 मई को चेन्नई और 22 मई को बेंगलुरु को हराना होगा।

### पाकिस्तान की लड़खड़ाती बल्लेबाजी के बीच बाबर आजम ने बना दिया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। बांग्लादेशी गेंदबाजों ने एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत खराब कर दी। सिलहट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। थोड़ा बहुत किसी ने लड़ाई लड़ी तो बाबर आजम ने जिन्होंने अर्धशतक ठोक स्टीव स्मिथ की बराबरी कर ली है।

बांग्लादेश ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को भी जमकर परेशान किया और उनका विकेट पर टिकना मुश्किल कर दिया। पाकिस्तान की पूरी टीम 232 रनों पर ही ढेर हो गई और वह बांग्लादेश से 46 रन पीछे है। बाबर आजम ने इस मैच में अर्धशतक जमाया, लेकिन इससे आगे वह अपनी पारी को नहीं ले जा सके। उन्होंने 84 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 68 रनों की पारी खेली।


### फाइनल में चेल्सी को 1-0 से हराया, एंटोनी सेमेन्यो का बैक-हील गोल

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता एफए कप फुटबॉल

**लंदन, एजेंसी**

'72वां मिनट...एर्लिंग हालांड का सटीक क्रॉस...एंटोनी सेमेन्यो ने तेजी से दौड़ते हुए गेंद को एड़ी से फ्लिक कर दिया। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए हवा में छलांग लगाई, लेकिन गोल नहीं रोक सके।'

सेमेन्यो के इस हैरतअंगेज गोल ने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को एफए कप का नया चैंपियन बना दिया। 155 साल पुराने इस टूर्नामेंट में शायद ही कोई फाइनल इतने शानदार गोल से जीता गया हो। वेम्बली स्टेडियम में सिटी ने चेल्सी को 1-0 से हराया। टीम के पास इस सीजन में 'डोमेस्टिक ट्रेबल' का मौका है। इस हार के बाद पूर्व क्लब



विश्व कप चैंपियन चेल्सी इस सीजन ट्रॉफी नहीं जीत सकेगी। साल की शुरुआत से दो कोच बर्खास्त करने के बाद टीम नए अंतरिम कोच कैलम मैक्फर्लेन के मार्गदर्शन में उतरी थी। सीनियर टीम के साथ यह उनका सिर्फ सातवां मैच था। मैच से पहले चेल्सी फैंस ने अमेरिकी मालिकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।



### गार्डियोला की 35वीं बड़ी ट्रॉफी

मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला के लिए यह जीत बड़ा मील का पत्थर है। सिटी के साथ 10 साल में यह उनकी 17वीं बड़ी ट्रॉफी, जबकि करियर की कुल 35वीं बड़ी ट्रॉफी है। सिटी ने आठवीं बार एफए कप जीतकर चेल्सी, लिवरपूल और टॉटेनहम के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आर्सेनल 14 खिताबों के साथ टॉप पर है।

**पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद दोनों टीमें लगातार गोल की कोशिश कर रही थीं, लेकिन, गोल के मौके नहीं बन रहे थे। तभी 72वें मिनट में घाना के फॉरवर्ड सेमेन्यो की बूट से गोल आया। यह उनका 10वां गोल है। वे टीम को दो ट्रॉफियां जिताने में मदद कर चुके हैं।**

**मनोरंजन**

### अदिति ने इस मौके के लिए अपनी स्टाइलिंग को बिल्कुल सादा रखा

# काँस 2026 के रेड कार्पेट पर छाया अदिति राव हैदरी का बोल्ड अंदाज

नई दिल्ली। अदिति राव हैदरी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में टोनी वार्ड कूट्योर के स्प्रिंग/समर 2025 कलेक्शन से एक नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इंस्टाग्राम पर फ्रेंच रिवेरा की तस्वीरों का एक मोंटाज शेयर करते हुए अदिति ने लिखा, 'हम इसके हकदार हैं! कान्स वाला मूड'। इस अपीयरेंस से पहले, अदिति ने कान्स 2026 से अपना एक और लुक भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने 'चारबाग' से प्रेरित शैम्पेन सिल्क टिश्यू साड़ी पहनी थी।



### कान्स में अदिती की बोल्ड अदाएं

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने इस लेटेस्ट लुक का एक वीडियो शेयर किया, जिसने ऑनलाइन फैंस का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। इस वन-शोल्डर गाउन के ऊपरी हिस्से पर बारीक डिजाइन का काम किया गया था, जो इस आउटफिट को एक बोल्ड और स्टाइलिश लुक दे रहा था। इसकी मेटैलिक फिनिश ने इसे रेड कार्पेट पर सबसे अलग दिखाया। Aditi ने इस मौके के लिए अपनी स्टाइलिंग को बिल्कुल सादा रखा। उन्होंने अपने गाउन के साथ एक हीरे का हार और हल्की-फुल्की ज्वेलरी पहनी, और साथ ही हल्का मेकअप किया, जिससे उनके आउटफिट का गहरा रंग और उसका डिजाइन ही सबसे ज्यादा उभरकर सामने आया। 'जेड बाय मोनिका एंड करिश्मा' द्वारा डिजाइन की गई इस आइवरी और गोल्ड साड़ी में मुगल-प्रेरित बारीक काम किया गया था, लेकिन इसका अंदाज़ काफी सादगी भरा और क्लासी था।

**अदिति की यह खास साड़ी शैम्पेन सिल्क टिश्यू कपड़े से बनी थी और 'चारबाग' से प्रेरित थी- जो मुगल वास्तुकला में पाया जाने वाला पारंपरिक चार-भागों वाला बगीचा शैली है। इस आउटफिट में चार अलग-अलग प्रिंट्स का मेल था, जो विभिन्न शिल्प परंपराओं से जुड़े पुराने ब्लॉक-प्रिंटिंग डिजाइनों से लिए गए थे।**

**अदिती हाल ही में गांधी टॉक्स में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ विजय सेतुपति और अरविंद स्वामी दिखे थे।**



### 9 लाख रुपए कीमत थी, देखते ही सलीम खान ने डांट लगाई थी

# सलमान खान ने उधार लेकर पिता के लिए घड़ी खरीदी थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलमान खान ने हाल ही में बताया कि उन्होंने सबसे पहली महंगी चीज अपने पिता के लिए खरीदी थी। एक्टर ने कहा कि उन्होंने पिता के लिए रोलेक्स की घड़ी खरीदी थी।

वैरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में सलमान ने कहा, 'जब मैंने दोबारा घड़ियां पहनना शुरू किया तो मेरे पिता ने वही घड़ी मुझे पहनने के लिए दे दी। उस समय मेरे पास इतने पैसे नहीं थे, लेकिन मुझे अपने पिता के लिए वह घड़ी पसंद आई थी।'

उन्होंने बताया कि उस समय उस घड़ी की कीमत करीब 9 लाख रुपए थी। सलमान के पास सिर्फ 4 लाख रुपए थे। बाकी पैसे उन्होंने उधार लेकर वह घड़ी खरीदी थी और



अपने पिता को दी थी। वहीं, सलमान ने एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अपनी दूसरी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका अस्थायी नाम SVC63 है। इसके अलावा, वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान डायरेक्टर जोड़ी राज निदिमोरू और कृष्णा डी.के. के साथ एक सुपरहीरो एक्शन फिल्म में भी काम कर सकते हैं। ऐसी भी चर्चा है कि इस प्रोजेक्ट में वह करीना कपूर खान के साथ काम कर सकते हैं।

### घड़ी देखकर सलीम खान ने डांट लगाई थी

सलमान ने आगे कहा, 'जब मैंने वह घड़ी अपने पिता को दिखाई, तो उन्होंने कहा कि तुमने अभी ठीक से काम करना भी शुरू नहीं किया है और तुमने ये सब करना शुरू कर दिया? क्या तुम खुद को सुल्तान ऑफ ब्रुनेई (राजा) समझते हो? यह घड़ी बड़ी बेकार की चीज है।' लेकिन बाद में सलीम खान ने घड़ी को देखकर कहा था, 'ओह, यह तो ज्वेलरी का पीस है।' सलमान ने आगे कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी के 26-28 साल तक घड़ियां पहनना बंद कर दिया था। अब अगर लोग उन्हें अलग-अलग घड़ियां पहने देखते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे सारी घड़ियां उनकी हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे पास सिर्फ वही एक रोलेक्स है, बाकी सब दोस्तों की हैं।'

### सलमान बोले- जिंदगी में किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी

इसी इंटरव्यू में सलमान ने बताया कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। मैंने स्क्रिप्ट लिखी हैं, लेकिन पढ़ी नहीं हैं।'

सलमान ने अपने करियर में मुख्य रूप से 'चंद्रमुखी', 'वीर' और 'दबंग 3' जैसी फिल्मों की कहानी लिखी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' में नजर आएंगे। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी होंगी।

### पाकिस्तानी एक्ट्रेस दानानीर मोबीन ने देवदास को बताया 'ओवररेटेड' फिल्म

नई दिल्ली। पाकिस्तानी एक्ट्रेस दानानीर मोबीन ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। उन्होंने बॉलीवुड की कल्ट फिल्म देवदास को ओवररेटेड फिल्म बताया और सवाल उठाया कि लोग आज भी इसे क्लासिक क्यों मानते हैं? मैशन के साथ एक बातचीत के दौरान की गई उनकी टिप्पणियां तुरंत वायरल हो गईं और फैंस से उन्हें तीखी प्रतिक्रियाएं मिलीं। साल 2002 संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 2002 की इस फिल्म में शाह रुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। आज भी सालों बाद इसका संगीत, सीन्स, एक्टिंग और इमोशनल कहानी की तारीफ होती है। इस वजह से ही इसे कल्ट मूवी का दर्जा मिला था। लेकिन दानानीर को इस फिल्म की इतनी ज्यादा लोकप्रियता समझ नहीं आती। जब उनसे पूछा गया कि उनकी नजर में कौन सी क्लासिक फिल्म जरूरत से ज्यादा सराही गई है, तो उन्होंने देवदास का नाम लिया और कहा, "कहानी क्या है? एक शराबी है, एक ऐसी औरत है जिसका कोई आत्मसम्मान नहीं है, एक ऐसा बाप है जो (बीप साउंड) करता है, और एक औरत है जिसे उस आदमी पर थोपा जाता है।

### विजय और तृषा पर पूछे सवाल पर भड़कीं मालविका मोहनन

नई दिल्ली। एक्ट्रेस मालविका मोहनन से हाल ही में एक इवेंट के दौरान विजय और तृषा को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर मालविका नाराज हो गईं। साथ ही बाद में उन्होंने X पर पोस्ट कर कहा कि कुछ सवाल सिर्फ सनसनी फैलाने के उद्देश्य से पूछे गए थे।

मालविका ने X पर लिखा, 'मैं कल एक इवेंट में गई थी। वहां मौजूद तमिलनाडु मीडिया और सभी पत्रकारों के लिए मेरे मन में पूरा सम्मान है, लेकिन कुछ लोगों ने बार-बार ऐसे सवाल पूछे, जो बिल्कुल जरूरी नहीं थे और सिर्फ सनसनी फैलाने वाले थे।' एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'थलापति विजय को मैं पिछले सात सालों से जानती हूं। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं और उन्हें अपना दोस्त मानकर खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। उनका सफर सच में बेहद शानदार रहा है। मैं चाहूंगी कि आगे से मीडिया बातचीत के दौरान सभी लोग सम्मान और समझदारी बनाए रखें, ताकि किसी को असहज महसूस न हो। धन्यवाद।' दरअसल, चेन्नई में आयोजित एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान मालविका से पूछा गया था कि एक्ट्रेस तृषा कृष्णन अक्सर विजय के साथ कई जगह नजर आती हैं, तो क्या उन्हें भी उनके साथ यात्रा करने का कोई तरीका पता है।

## सरकार ने जंग के लिए तैयार रहने को कहा ■ लोगों को गुरिल्ला लड़ाई सिखा रहे

# ईरान के बाद क्यूबा पर अमेरिकी हमले का खतरा

**आशंका**

**हवाना, एजेंसी**

अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं।

देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है।



■ क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज कैनल ने अमेरिकी नाकेबंदी के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में मार्च निकाला था।

**जनवरी से ही अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।**

### इसी हफ्ते क्यूबा पहुंचे थे अमेरिकी खुफिया चीफ

अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ इस हफ्ते क्यूबा की राजधानी हवाना पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक वे 'यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका' लिखे हुए विमान से पहुंचे थे, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। कई क्यूबाई लोगों ने इसे बड़ा राजनीतिक संकेत माना।

क्यूबा सरकार लंबे समय से CIA को दुश्मन मानती रही है। 1960 के दशक में फिदेल कास्त्रो की हत्या के लिए CIA ने विस्फोटक सिगार और जहरीले स्कूबा सूट जैसी योजनाएं बनाई थीं। क्यूबा में CIA की गतिविधियों से जुड़े संग्रहालय भी मौजूद हैं।

क्यूबा मामलों के विशेषज्ञ पीटर कॉर्नब्लुह ने CNN से कहा कि यह इतिहास की बड़ी विडंबना है।



■ CIA प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने 14 मई को हवाना में क्यूबाई अधिकारियों के साथ बैठक की।

### लोगों को गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा

क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया। सैन्य इतिहासकार हाल क्लेपाक ने CNN से कहा कि आधुनिक हथियारों की कमी के बावजूद क्यूबा की सेना अमेरिकी हमले का लंबा प्रतिरोध कर सकती है। उनके मुताबिक, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी क्यूबा ने बड़े स्तर पर लोगों को संगठित करने की क्षमता दिखाई है।

# चांदी के आयात पर सरकार ने पाबंदी लगाई

## अब विदेश से मंगाने के लिए लाइसेंस जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने शनिवार को चांदी के आयात पर नई पाबंदी लगाई है। सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब 99.9% शुद्धता वाला सिल्वर बार, अनरॉट सिल्वर ( कच्ची चांदी), चांदी पाउडर और सोने या प्लेटिनम की परत चढ़ी चांदी को विदेश से मंगाने के लिए सरकार की अनुमति लेनी होगी।

पहले इनका आयात आसानी से किया जा सकता था, लेकिन अब इन्हें 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया गया है। सरकार का कहना है कि गैर-जरूरी आयात कम करने और विदेशी मुद्रा के खर्च को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इससे पहले 13 मई सरकार ने सोना और चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी भी 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया था।

इस साल सोने-चांदी की कीमत



में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,015 रुपए और चांदी 38,080 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.69 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

प्रधानमंत्री ने कहा एक समय था, जब संकट आने पर देशहित में लोग सोना दान दे देते थे।

## 20 हजार टन गैस लेकर आया ■ जंग के बाद अब तक 15 भारतीय जहाज निकले

# होर्मुज पार कर एक और एलपीजी टैंकर भारत पहुंचा

**तेल अवीव, एजेंसी**

ईरान जंग के बीच एक और LPG टैंकर होर्मुज पार कर भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला टैंकर 'सिमी' 20 हजार टन LPG लेकर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा। ANI की रिपोर्ट के मुताबिक, जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 LPG जहाज भारत पहुंच चुके हैं। टैंकर 'सिमी' ने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत आने वाला LPG जहाज 'MV सनशाइन' भी हाल ही में सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार कर चुका है। जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में भारतीय नौसेना समेत कई एजेंसियां मदद कर रही हैं। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत में कहा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षा बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा। अराघची ने कहा कि दोस्त देशों को व्यापारिक सुरक्षा के लिए ईरान पर भरोसा हो सकता है। वहीं ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति पहले से ज्यादा सुरक्षित होगी। अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच 45 दिन संघर्षविराम बढ़ाया गया। 29 मई को सैन्य प्रतिनिधियों की बैठक भी होगी।

2. ट्रम्प बोले- ईरान 20 साल परमाणु कार्यक्रम रोके तो मंजूरः ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पहली बार स्थायी रोक की बजाय 20 साल के सस्पेंशन की बात कही। साथ ही कहा कि ईरान को लेकर उनका धैर्य खत्म हो रहा है।

3. चीन ने होर्मुज पर अमेरिकी प्रस्ताव का विरोध कियाः चीन ने होर्मुज पर UN में अमेरिका-बहरीन समर्थित प्रस्ताव को गलत समय और गलत कंटेंट वाला बताया।

# यूक्रेन का रूस पर बड़ा हमला, 500 से ज्यादा ड्रोन दागे, 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़े ड्रोन हमले को अंजाम दिया है। रात भर चले इन हमलों में मॉस्को समेत रूस के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। रूस के अधिकारियों की अगर मानें तो इस अटैक में 500 से ज्यादा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

अधिकारियों ने इस हमले को रूसी राजधानी क्षेत्र पर एक साल से ज्यादा समय में हुआ सबसे बड़ा हमला बताया है। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। साथ ही, अलग-अलग इलाकों में रिहायशी इमारतों और बुनियादी सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर चले इस हमले के दौरान उसके हवाई सुरक्षा तंत्र ने एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में यूक्रेन के 556 ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया। इस दौरान मॉस्को और पश्चिमी रूस के आसपास धमाकों और आपात-कालीन बचाव कार्यों की खबरें भी



आईं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार लोगों की जान चली गई। इनमें से तीन लोगों की मौत मॉस्को क्षेत्र में और एक व्यक्ति की मौत यूक्रेन की सीमा के पास स्थित बेलगोरोद क्षेत्र में हुई। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि इन हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। वोरोब्योव के मुताबिक, एक ड्रोन के एक निजी रिहायशी मकान से टकराने के कारण एक महिला की मौत हो गई, जबकि बचाव अभियान के दौरान एक अन्य व्यक्ति घंटों तक मलबे के नीचे फंसा रहा।

हमलों से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों के मारे जाने की भी खबर है।

### क्रैश हुए यूएफओ से मिलीं एलियंस की 4 प्रजातियां

नई दिल्ली। एक पूर्व सरकारी शोधकर्ता ने इस हफ्ते एक सनसनी-खेज दावा किया कि अमेरिका ने दुर्घटनाग्रस्त UFOs से चार अलग-अलग तरह के एलियंस को बरामद किया है। एडवांस्ड एयरोस्पेस वेपन सिस्टम एप्लीकेशंस प्रोग्राम के पूर्व सलाहकार और सीआईए-वित्तपोषित शोधकर्ता डॉ. हाल पुटहॉफ ने गुरुवार को स्टीव बार्टलेट के पॉडकास्ट The Diary of a CEO पर निर्देशक डैन फराह के साथ मिलकर यह दावा किया। 89 साल के पुटहॉफ ने कहा, 'जो लोग रिकवरी के काम में शामिल रहे, उन्होंने बताया कि एलियं के चार अलग-अलग तरह के प्रकार होते हैं। अब मेरी उन तक सीधी पहुंच तो नहीं रही है लेकिन मेरा मानना है कि जिन लोगों से मैंने बात की उनके मुताबिक जीवन के अलग-अलग 4 प्रकार होते हैं।' हालांकि, पुटहॉफ ने कथित एलियन प्रजातियों के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन उनके लंबे समय के सहयोगी और AAWSAP के पूर्व सहकर्मी डॉ. एरिक डेविस ने पिछले साल दावा किया था।

### 'कुंवारी लड़की की चुप्पी मतलब सहमति'

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में तालिबान शासन ने शादी, तलाक और बाल विवाह से जुड़ा एक नया और विवादित पारिवारिक कानून लागू किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने बड़े पैमाने पर आलोचना की है। अफ़गानी मीडिया आउटलेट 'अमू टीवी' के अनुसार, 31 अनुच्छेदों वाले इस नियम को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने मंजूरी दी थी और मई के मध्य में इसे शासन के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। इसका शीर्षक पति-पत्नी के बीच अलगाव के सिद्धांत है। इस दस्तावेज में बाल विवाह, लापता पतियों, जबरदस्ती अलग करने, धर्म-त्याग, व्यभिचार के आरोपों और अन्य धार्मिक व कानूनी मामलों से जुड़े नियम बताए गए हैं।

इसके सबसे विवादित प्रावधानों में से एक यह है कि यौवन प्राप्त करने के बाद किसी कुंवारी लड़की की चुप्पी को शादी के लिए उसकी सहमति माना जा सकता है। हालांकि, इस नियम में यह भी कहा गया है कि किसी लड़के या पहले से शादीशुदा महिला की चुप्पी को अपने-आप सहमति नहीं माना जाएगा।


## अमेरिकाः आईसीई ने महिला को 2 साल के बेटे के बिना देश से निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की एक महिला ने इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसके दो साल के बेटे के बिना ही उसे देश से निकाल दिया था और ऐसा उस बच्चे की बेरहमी से हत्या होने से कुछ महीने पहले ही हुआ था। बाद में आईसीई ने बच्चे को पीछे छोड़ देने के लिए उसकी मां को ही दोषी ठहराया।

द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, होंडुरास की महिला वेंडी हर्नांडेज रेयेस ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों से गुहार लगाई थी कि उन्हें उनके बेटे ओरलिन जोस्यू हर्नांडेज रेयेस के बिना होंडुरास वापस न भेजा जाए, लेकिन जनवरी में उन्हें अकेले ही वापस भेज दिया गया।

दो साल के ओरलिन जोस्यू हर्नांडेज रेयेस की बाद में मार्च में फ्लोरिडा के एस्कैम्बिया काउंटी में अपने चाचा के साथ रहते हुए मृत्यु हो गई। अधिकारियों के अनुसार,



बच्चे की कई पसलियां टूटी हुई थीं, उसका पैंक्रियास कट गया था, शरीर पर जलने के निशान थे और संभवतः उसके साथ यौन शोषण के भी संकेत मिले थे। बाद में हत्या के आरोपों में उसके चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया। बच्चे की मौत के बाद आईसीई ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि वेंडी ने अपने बेटे को छोड़ दिया था और अपने बेटे को यहां एक हिंसक हत्यारे के पास छोड़ने का फैसला किया, जिसने उसकी जान ले ली।

आईसीई ने कहा, इस छोटे बच्चे को बहुत ज्यादा तकलीफ उठानी पड़ी और उसकी मौत हो गई। उसकी मां ने उसे माल्डोनाडो-एराजो की देखभाल में छोड़ दिया और माल्डोनाडो-एराजो खुद एक अवैध प्रवासी है, जिसे तो असल में इस देश में होना ही नहीं चाहिए था।

## दिल्ली-एनसीआर और एमपी में सीएमजी आज से 3 तक महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली और मध्यप्रदेश समेत देश के कुछ अन्य राज्यों में CNG 3 रुपए तक महंगी हो गई हैं। यह लगातार दूसरा दिन है जब गैस कंपनियों ने दाम बढ़ाए हैं। नई दरें रविवार सुबह 6:00 बजे से लागू हो चुकी हैं। इस बढ़ोतरी के साथ ही दिल्ली में CNG पहली बार 80 के आंकड़े के पार पहुंची है।

15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपए प्रति लीटर बढ़ी थीं। इससे दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं, कंपनियों ने प्रमुख शहरों में CNG भी 2 प्रति किलो तक महंगी कर दी। दिल्ली में अब एक किलो CNG के लिए 79.09 खर्च करने पड़ रहे हैं।

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू



■ दिल्ली में 80.09 और नोएडा-गाजियाबाद में 88.70 किलो हुई, भोपाल में 93.75 पर पहुंची

होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रही है तो पेट्रोल-डीजल और CNG की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि 3 की यह बढ़ोतरी काफी नहीं है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96

नवनिर्माण के 9 वर्ष | मिशन रोज़गार | उत्तर प्रदेश सरकार

परिश्रम का प्रतिफल भविष्य बना उज्ज्वल

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत

21 विभागों के लिए विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति
केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सुरेश कुमार खन्ना — मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
ओम प्रकाश राजभर — मंत्री, पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उत्तर प्रदेश
दारा सिंह चौहान — मंत्री, कारागार, उत्तर प्रदेश
रवीन्द्र जायसवाल — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया
9 लाख+ सरकारी नौकरी
3 करोड़+ MSME एवं निजी क्षेत्र में रोजगार

नियुक्तियों का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| उप जिलाधिकारी | 37 | वाणिज्य कर अधिकारी | 142 |
| पुलिस उपाधीक्षक | 17 | जिला खाद्य विपणन अधिकारी | 02 |
| सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर) | 196 | नायब तहसीलदार | 258 |
| सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी | 16 | उप कारापाल | 60 |
| कोषाधिकारी/लेखाधिकारी | 22 | जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी | 04 |
| जिला कमांडेन्ट होमगार्ड्स | 02 | उप निबंधक | 40 |
| अधीक्षक कारागार | 01 | उ.प्र. कृषि सेवा समूह 'ख' सेक्शन-सी, श्रेणी-2, सांख्यिकी अधिकारी | 03 |
| सहायक आयुक्त उद्योग | 18 | सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान श्रेणी-2 | 01 |
| कार्य अधिकारी | 23 | व्यवस्थापक, राज्य संपत्ति विभाग | 02 |
| खंड विकास अधिकारी | 72 | सहायक निदेशक, उद्योग (हथकरघा) | 01 |
| जिला समाज कल्याण अधिकारी | 09 | | |
| जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी | 01 | | |
| जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी | 05 | | |



18 मई, 2026 अपराह्न 04:00 बजे
लोक भवन सभागार, लखनऊ

अवसरों का द्वार-रोजगार को विस्तार : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1.47 लाख+ नई इकाइयों में 4.5 लाख रोजगार | मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.98 लाख+ रोजगार | एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 3.26 लाख+ रोजगार | मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम आदि के माध्यम से 4.63 लाख+ व्यक्तियों को रोजगार

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP